Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 341 | रविवार, 14 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### 'परिवार के सदस्यों के साथ बिताएं समय'


# सत्य से नहीं, शक्ति से दुनिया करती है आपका आकलन: मोहन भागवत

नई दिल्ली।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को हिंदू समाज से स्वामी विवेकानंद के उस संदेश से प्रेरणा लेने का आग्रह किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रत्येक राष्ट्र का एक मिशन होता है, जिसे पूरा करना होता है और एक नियति होती है जिसे प्राप्त करना होता है। अंडमान और निकोबार में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक मान्यता केवल सत्य से नहीं, बल्कि शक्ति से निर्धारित होती है। विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है। जिसके पास शक्ति है, उसे मानता है। एक मजबूत समाज के निर्माण और राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एकता आवश्यक है। भागवत ने कहा कि टकराव हमेशा समाधान नहीं होता। एक मजबूत और स्वस्थ समाज के निर्माण के प्रयास घर से ही शुरू होने चाहिए। अपने मोहल्ले में दोस्त बनाएं, परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएं। विशेष अवसरों पर पारंपरिक पोशाक पहनने और परिवार के साथ मिलकर भोजन करने पर गर्व करें। अपनी संस्कृति से प्रेम करना महत्वपूर्ण है। भागवत ने कहा कि यह तय करने का समय है कि हम अपने घरों में स्वामी विवेकानंद की तस्वीर रखना चाहते हैं या माइकल जैक्सन की। देशभक्ति एक नागरिक कर्तव्य है।

### 'हिंदू जागृत होगा तो विश्व जागृत होगा'

उन्होंने कहा कि यदि हिंदू जागृत होंगे तो विश्व जागृत होगा। विश्व को विश्वास है कि भारत ही मार्ग दिखाएगा। समस्याओं पर समय बर्बाद करने के स्थान पर हमें समाधान खोजना चाहिए। किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए शक्ति की आवश्यकता होती है। शक्ति केवल एकता से ही आती है।



# दिल्ली में कांग्रेस की महारैली आज, 'वोट चोरी' पर होगा प्रहार

नई दिल्ली।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बताया कि आज होने वाली कांग्रेस की महारैली में हर बूथ से कार्यकर्ता भाग लेंगे। दिल्ली के रामलीला मैदान में आज कांग्रेस की महारैली होने वाली है। महारैली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बताया कि आज होने वाली कांग्रेस की महारैली में हर बूथ से कार्यकर्ता भाग लेंगे। महारैली के लिए सभी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जो कार्यकर्ता अन्य राज्यों से एक दिन पहले ही दिल्ली पहुंच गए हैं, उनके लिए भी इंतजाम है। कांग्रेस सेवा दल के साथ वालियंटर भी नियुक्त हैं, किसी को कोई असुविधाएं नहीं होगी। इस महारैली के प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया, होर्डिंग, बैनर, पोस्टर पूरी दिल्ली के हर एक ब्लाक कांग्रेस कमेटी के क्षेत्रों में लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की वोट चोरी को पूरी दिल्ली में उजागर किया है। दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की महारैली में देश भर से पार्टी कार्यकर्ता दिल्ली कूच कर चुके हैं। कई राज्यों के कार्यकर्ता एक दिन पहले ही दिल्ली आ गये हैं। कल भी सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली के रामलीला मैदान के लिए दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली के आसपास के राज्यों के अलावा जम्मू कश्मीर से भी पार्टी कार्यकताओं का बड़ा दल दिल्ली के लिए निकल चुका है। दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को होने वोट चोरी रैली में शामिल होने के लिए शनिवार को जम्मू से भी बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रवाना हुए।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट मैच पर बारिश का साया

नई दिल्ली।



आज शाम को धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मैच होना है। इस दौरान बूंदाबांदी की आशंका है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट मैच पर बारिश का साया है। रविवार शाम को धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मैच होना है। इस दौरान बूंदाबांदी की आशंका है। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का पूवार्नुमान जताया गया है। शनिवार शाम को मनाली-लेह मार्ग के बारालाचा, शिंकुला दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर फाहे गिरे। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में शनिवार को दिन भर बादल छाए रहे। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई। बिलासपुर और मंडी जिला के कई क्षेत्रों में शनिवार सुबह और शाम के समय कोहरा दर्ज किया गया।

### 900 करोड़ का फंसा पेंच!

# इंडिगो ने खटखटाया दिल्ली एचसी का दरवाजा

नई दिल्ली।

इंडिगो एयरलाइन का संचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर विदेशी मरम्मत के बाद भारत में पुनः आयात किए गए विमान इंजनों और पुर्जों पर सीमा शुल्क के रूप में भुगतान किए गए 900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की वापसी की मांग की। यह याचिका न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शैल जैन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। हालांकि, न्यायमूर्ति जैन ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया क्योंकि उनका बेटा इंडिगो में पायलट है। इंडिगो ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि इस तरह के पुनर्आयात पर सीमा शुल्क लगाना असंवैधानिक है और एक ही लेनदेन पर दोहरा शुल्क लगाने के बराबर है। उसके वकील ने बताया कि मरम्मत के बाद विमान के इंजन और पुर्जों के पुनर्आयात के समय, उसने बिना किसी विवाद के मूल सीमा शुल्क का भुगतान किया था। इसके अलावा, चूंकि मरम्मत एक सेवा है, इसलिए उसने रिवर्स चार्ज के आधार पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भी भुगतान किया था। हालांकि, वकील ने बताया कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने उसी लेन-देन को माल का आयात मानकर दोबारा सीमा शुल्क लगाने पर जोर दिया। एयरलाइन ने दावा किया कि यह मामला पहले सीमा शुल्क न्यायाधिकरण द्वारा सुलझाया जा चुका है, जिसने फैसला सुनाया था कि मरम्मत के बाद पुनः आयात पर दोबारा सीमा शुल्क नहीं लगाया जा सकता।




# ईरान जा रहे चीनी कार्गो जहाज पर अमेरिकी सेना का छापा

नई दिल्ली।



चीन से ईरान जा रहे कार्गो जहाज पर पिछले महीने अमेरिकी रक्षा बलों ने छापा मारा था। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक हाल के दिनों में सामुद्रिक क्षेत्र में ट्रंप प्रशासन की आक्रामक कार्रवाई का ये ताजा मामला है। गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका ने वेनेजुएला के एक तेल टैंकर जहाज को भी अपने कब्जे में लिया है। ये जहाज क्यूबा जा रहा था। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से अखबार ने बताया कि अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने श्रीलंका से सैकड़ों मील दूर जहाज पर छापा मारा। हाल के वर्षों में ये पहली बार है जब अमेरिकी बलों ने चीन से ईरान जा रहे कार्गो जहाज पर कार्रवाई की हो। अमेरिका के हिंद-प्रशांत कमान ने तत्काल इस रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। सूत्रों का दावा है कि ईरान के पारंपरिक हथियारों के काम लायक सामग्री पकड़ी गई है।

# राजधानी में सांसों का आपातकाल



नई दिल्ली।

राजधानी में वायु प्रदूषण साइलेंट किलर बन चुका है, जो हर साल सैकड़ो लोगों की जान ले रहा है और असमय मौतों के लिए जिम्मेदार भी है। आसमान में जहरीली धुंध की मोटी परत से दिल्ली-एनसीआर में सांसों पर आपातकाल की स्थिति रही। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शनिवार को साल के सबसे खराब स्तर 446 अंक पर पहुंच गया। गाजियाबाद समेत एनसीआर के शहरों में भी एक्यूआई 400 के पार रहा। सांस लेने में हो रही दुश्वारी के बीच लोग मास्क पहने नजर आए। आंख में जलन की दिक्कत भी हुई। वायु प्रदूषण का असर दिल्लीवालों की औसत आयु पर भी पड़ रहा है। प्रदूषण के चलते शनिवार को पहले ग्रेप-3 और कुछ ही घंटे बाद ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू करनी पड़ीं। इससे दिल्ली-एनसीआर में सभी तरह के निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध रहेगा। स्कूलों में 10वीं-12वीं को छोड़कर पढ़ाई हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों) में होगी। सरकारी कार्यालयों में 50 फीसदी कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम का नियम लागू होगा। यानी घर से काम करना होगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप समिति ने दोपहर में एक्यूआई के 400 के पार करने और गंभीर श्रेणी में प्रवेश करने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तीसरे चरण यानी ग्रेप-3 के प्रतिबंध लागू किए थे। जब एक्यूआई बढ़ते हुए शाम 6 बजे 446 अंक पर पहुंचा, तो पूरे एनसीआर में तत्काल ग्रेप-4 लागू करना पड़ा। इसके तहत सभी तरह के सरकारी और निजी निर्माण और तोड़फोड़ पर रोक रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ट्रकों के प्रवेश पर पाबंदी होगी।

**400**

के पार करने और गंभीर श्रेणी में प्रवेश करने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तीसरे चरण यानी ग्रेप-3 के प्रतिबंध लागू किए थे।

### कोलकाता में मेस्सी के आगमन पर अराजकता, सीएम ममता बनर्जी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। कोलकाता स्टेडियम में लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं और मेस्सी, उनके प्रशंसकों व खेल प्रेमियों से माफी मांगी है। जिसके बाद सरकार ने जिम्मेदारी तय करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु जांच समिति गठित की है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में फुटबॉल के दिग्गज लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान हुई अराजकता के बाद उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए।

# प्रवासियों के लिए पारिवारिक पुनर्मिलन पैरोल को खत्म करेगा ट्रंप प्रशासन

नई दिल्ली।

ट्रंप प्रशासन ने मानवीय आधार पर पैरोल के दुरुपयोग का हवाला देते हुए कई देशों के प्रवासियों के लिए पारिवारिक पुनर्मिलन पैरोल कार्यक्रमों को समाप्त करने का फैसला किया है।


गृह सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को कहा कि यह कदम कोलंबिया, क्यूबा, इक्वाडोर, अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, हैती और होंडुरास से आए प्रवासियों और उनके निकटतम परिवार के सदस्यों पर लागू होता है। गृह सुरक्षा विभाग ने कहा कि ट्रंप प्रशासन मानवीय पैरोल के दुरुपयोग को समाप्त कर रहा है, जिसके तहत कम जांच-पड़ताल वाले विदेशी नागरिक पारंपरिक पैरोल प्रक्रिया को दरकिनार कर देते थे। पैरोल का इस तरह से इस्तेमाल किया जाएगा, ऐसा कभी इरादा नहीं था। गृह सुरक्षा विभाग अब पैरोल को कांग्रेस द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मामले-दर-मामले के आधार पर बहाल कर रहा है। पारिवारिक पुनर्मिलन पैरोल को समाप्त करना व्यावहारिक नीतियों की ओर वापसी है और अमेरिका फर्स्ट नीति की ओर एक कदम है। फॉक्स न्यूज के अनुसार, गृह सुरक्षा विभाग ने कहा कि परिवारों को फिर से मिलाने की इच्छा, धोखाधड़ी और दुरुपयोग को रोकने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने की संघीय सरकार की जिम्मेदारी से ऊपर नहीं है। पारिवारिक पुनर्मिलन कार्यक्रम की समाप्ति पर संघीय रजिस्टर नोटिस में कहा गया है-विभाग स्वीकार करता है कि इस कार्यक्रम के तहत अमेरिका आए विदेशी नागरिक में अपने परिवार के सदस्यों से पैरोल पर मिल सकते थे।



# देश के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर, पहाड़ों पर बर्फ की चादर

नई दिल्ली।

दिल्ली में भी शनिवार से मौसम बदलने लगा है। धूप हल्की हो गई है और धुंध का दायरा बढ़ रहा है। दिसंबर के मध्य तक पहुंचते-पहुंचते सर्दी शबाब पर है। हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ तीखी सर्द हवाओं की चपेट में हैं तो उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, ठंडी हवाओं और घने कोहरे ने सर्दी की धार तेज कर दी है। इस बार आश्चर्यजनक रूप से विदर्भ, उत्तर महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और ओडिशा जैसे वे इलाके जहां आमतौर पर शीतलहर दुर्लभ मानी जाती है, वहां भी सर्द हवाओं का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ और जेट स्ट्रीम और हवाओं की दिशा में आए असंतुलन का नतीजा है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार मौजूदा समय में मध्य स्तरों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम को प्रभावित कर रहा है। इसके साथ लगभग 12.6 किमी ऊंचाई पर सक्रिय उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम की गति 100 नॉट (करीब 185.2 किमी प्रति घंटा) तक पहुंच रही है। यह संयोजन हिमालयी क्षेत्रों में नमी और ठंड को बढ़ा रहा है, वहीं मैदानी इलाकों में ठंडी हवाओं और कोहरे की स्थितियां बना रहा है। इसी व्यवस्था ने ठंडी हवा को सामान्य से अधिक दक्षिण की ओर धकेल दिया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में 14 से 18 दिसंबर के बीच हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है। ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान पहले ही नीचे खिसक चुका है, जिससे ठंड का असर तेज हो गया है।



## संपादक की कलम से


# पीड़ा से मुक्ति

देश में लंबे समय से यह मुद्दा सार्वजनिक विमर्श में रहा है कि विषम परिस्थितियों में एक त्रासदी से मुक्ति हेतु इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए या नहीं। समय-समय पर अदालती फैसलों ने मार्गदर्शक भूमिका निभाई है। साथ ही कोशिश की गई है कि इस छूट का दुरुपयोग न किया जा सके। हाल ही में एक ज्वलंत प्रसंग पर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट टिप्पणी थी कि हमें अब कुछ करना होगा, इस तरह के त्रासद जीवन की कोई तार्किकता नहीं है। दरअसल, यह मामला एक 32 वर्षीय युवक का है, जो पिछले 13 सालों से कोमा जैसी स्थिति में है। यह अब केवल महज चिकित्सीय त्रासदी का मामला नहीं रह गया है। अब यह एक महत्वपूर्ण कानूनी और नैतिक प्रश्न भी बन चुका है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत की टिप्पणी देश में जीवन के अंतिम क्षणों में गरिमापूर्ण व्यवहार के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। निश्चय ही यह प्रसंग अतीत में बहुचर्चित अरुणा शानबाग के मामले की यादें फिर से ताजा कर देता है। इस प्रसंग ने ही देश को पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु के प्रश्न का सामना करने के लिये बाध्य किया था। वर्ष 2011 में, सुप्रीम कोर्ट ने अरुणा शानबाग के मामले में फैसला सुनाते हुए, सैद्धांतिक रूप से निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। दरअसल, अरुणा शानबाग एक भयानक हमले के बाद से ही 42 वर्षों से कोमा जैसी स्थिति में रही थीं। भले ही अदालत ने इस मामले में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी, लेकिन साथ ही उसके साथ कुछ प्रतिबंधात्मक सुरक्षा उपायों के अनुपालन के भी निर्देश दिए थे। निश्चित रूप से इस मामले में अदालती फैसला नैतिक प्रेरणा का स्रोत भी बना। कालांतर में जिसके चलते वर्ष 2018 में एक संविधान पीठ ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता प्रदान की। साथ ही इसके लिये एक आवश्यक प्रक्रिया भी निर्धारित की थी। जिसका मकसद था कि समाज में कहीं इस छूट का दुरुपयोग आपराधिक स्वार्थों के लिये न किया जा सके। वर्ष 2023 में, अदालत ने इन दिशानिर्देशों को और सरल बनाने का प्रयास किया। जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि प्राथमिक और माध्यमिक चिकित्सा बोर्डों द्वारा स्थिति के मूल्यांकन की आवश्यकता रहेगी। फिलहाल देश में वही प्रक्रिया आज भी चल रही है। बहरहाल, वर्तमान मामले में बार-बार की गई अपीलें, इससे जुड़ी खामियों को भी उजागर करती हैं। दरअसल, ऐसे मामलों में पीड़ित को घर में दी जाने वाली देखभाल अपर्याप्त ही साबित होती है। वहीं दूसरी ओर राज्य का समर्थन भी पर्याप्त नहीं रहा है। इसके अलावा ऐसे मामलों से जुड़ी अनसुलझी नैतिक दुविधाएं असमंजस की स्थिति पैदा करती रही हैं। निस्संदेह, इस मामले में किसी युवा वयस्क के लिये निष्क्रिय इच्छामृत्यु की पहली स्पष्ट स्वीकृति हो सकती है। आज देश में हजारों मरीज कोमा जैसी अवस्था में नारकीय जीवन जी रहे हैं। जो उनके परिवारों के लिये भी एक त्रासदी की स्थिति है। जहां परिवार एक ओर भावनात्मक संकट से जूझ रहे होते हैं, वहीं रोगी के उपचार से जनित आर्थिक बोझ भी निरंतर बढ़ता जाता है। दूसरी ओर संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण मृत्यु के अधिकार पर भी सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, अदालत को जटिल परिस्थितियों में जैविक अस्तित्व के कठोर विस्तार के बजाय रोगी की मुक्ति और परिवार की पीड़ा को प्राथमिकता देनी चाहिए।



ललित शर्मा
संपादक

# प्रशासनिक तंत्र की तय हो जवाबदेही...



दुर्घटनाएं कह कर नहीं आतीं, लेकिन उनकी रोकथाम की मुकम्मल तैयारी से शायद ही किसी को इनकार हो। लेकिन समंदर के किनारे से छनकर आती रोशनियों के बीच स्थित गोवा के इस नाइट क्लब में लगी आग और उसमें गई निर्दोष जान ने सबसे बड़ा सवाल उस प्रशासनिक तंत्र पर लगाया है, जिस पर इस हादसे की रोकथाम की जिम्मेदारी थी।

उत्तर भारत की सर्दियां गोवा के लिए वरदान होती हैं। अरब सागर तटीय इस राज्य में सर्दियों में उत्तर भारतीय सैलानियों की आवक बढ़ जाती है। लेकिन हो सकता है कि इस बार यह आवक कम हो। गोवा में साल के आखिरी दिनों और अगले साल की छुट्टियां मनाने का मन बना चुके सैलानियों में इस बार हिचक हो सकती है। वजह है, यहां के मशहूर नाइट क्लब 'बर्क बाय रोमियो लेन' में लगी आग, जिसमें पांच सैलानी समेत पच्चीस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।

दुर्घटनाएं कह कर नहीं आतीं, लेकिन उनकी रोकथाम की मुकम्मल तैयारी से शायद ही किसी को इनकार हो। लेकिन समंदर के किनारे से छनकर आती रोशनियों के बीच स्थित गोवा के इस नाइट क्लब में लगी आग और उसमें गई निर्दोष जान ने सबसे बड़ा सवाल उस प्रशासनिक तंत्र पर लगाया है, जिस पर इस हादसे की रोकथाम की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि अनधिकृत ढंग से इस नाइट क्लब का निर्माण किया गया था। इस अनधिकृत निर्माण को तोड़ने के लिए गोवा की संबंधित पंचायत ने निर्देश भी दे रखा है। आग लगने की दशा में उसके रोकथाम और बचाव को लेकर इस नाइट क्लब में कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं था। इतना ही नहीं, यह क्लब बेहद संकरी जगह पर है, जहां आसानी से जाना संभव नहीं है।

भारत में एक चलन स्वीकार कर लिया गया है। नियमावलियां तो खूब बनाई गई हैं। लेकिन वे सिर्फ दस्तावेजों के लिए हैं। जिन्हें इन नियमावलियों को लागू करने की जिम्मेदारी है, जिन पर इन नियमावलियों को तोड़ने वालों को उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित करने-कराने की जवाबदेही है, अक्सर वे इससे आंखें मूंद लेते हैं। कई बार नियम तोड़ने वालों से संबंध पलकों को मोड़ने का जरिया बनते हैं तो कई बार रिश्वत की रकम का बोझ पलकों को झुकने के लिए मजबूर कर देता है। भारत के प्रशासनिक तंत्र का बड़ा हिस्सा इसी तरह की मानसिकता में काम करता है। वह दुर्घटनाओं और हादसों का इंतजार करता है। वह तभी जागता है, जब हादसे हो जाते हैं, उनमें मासूम जानें चली जाती हैं। तब उन्हें नियमों की तेजी से याद आने लगती है। प्रशासनिक तंत्र की बंद आंखे तब ऐसे खुल जाती हैं, जैसे भगवान शिव का तीसरा नेत्र खुलता है। तब उसे अनधिकृत निर्माण भी दिखने लगता है, तब उसे कार्रवाई की भी सूझने लगती है। कार्रवाई होती भी है। गोवा के 'बर्क बाय रोमियो लेन' क्लब के मालिकों पर भी होगी, लेकिन इसका असर कितनी देर तक रहेगा, कहना मुश्किल है। क्योंकि वक्त बीतते-बीतते कार्रवाई में ढिलाई भी शुरू हो सकती है और अगर किसी सामाजिक संस्था, किसी राजनीतिक व्यवस्था या किसी न्यायिक व्यवस्था की निगाह उस पर नहीं पड़ी तो कार्रवाई धीरे-धीरे टलती चली जाएगी, उसकी तासीर ठंडी होती जाएगी और फिर हो सकता है कि नियमों को तोड़ने वाले किसी और जगह नियम तोड़कर ऐसा ही किसी और नाम से नाइट क्लब चलाने लगें

भारत में अंग्रेजों ने प्रशासनिक ढांचा अपने राजकाज को चलाने के लिए बनाया था। उसे लंबी अवधि तक बनाए रखने के लिए बनाया था। देखते ही देखते यह तंत्र स्टील फ्रेम में तब्दील होता चला गया। वैसे भी जर्मन दार्शनिक मैक्स वेबर इसे स्टील फ्रेम ही बताते हैं। संविधान सभा ने भारत के भावी प्रशासनिक तंत्र की रूपरेखा को लेकर चर्चा की थी। उसने इस पर गंभीर विमर्श किया था। संविधान सभा में प्रशासनिक तंत्र पर व्यापक चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य एक ऐसा ढांचा तैयार करना था जो स्वतंत्र भारत के लिए प्रभावी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति जवाबदेह हो। संविधान सभा के सदस्यों को संदेह था कि भारत की भावी नौकरशाही भारतीय मूल्यों और भारतीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हो पाएगी। इसी लिए संविधान सभा में तत्कालीन सदस्यों ने नौकरशाही की भूमिका पर ना सिर्फ व्यापक चर्चा की, बल्कि उसकी राजनीतिक तटस्थता, कार्यक्षमता, जवाबदेही और नए स्वतंत्र राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में उसकी स्थिति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। इन बहसों का उद्देश्य एक ऐसी सिविल सेवा प्रणाली स्थापित करना रहा, जो संविधान के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान हो और लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हो।

सवाल यह है कि क्या संविधान सभा की बहसों के अनुरूप आज की नौकरशाही बन पाई है। उसके ज्यादातर हिस्सों को देखिए तो लगता है कि बिल्कुल नहीं। आज भी उसमें अंग्रेजी राज जैसी अकड़ है, उसका ध्यान ज्यादातर अपनी ताकत को बचाए रखने और उसके जरिए आर्थिक साम्राज्य खड़ा करने पर है। भारत का शायद ही कोई राज्य हो, जहां की नौकरशाही में अकूत संपत्ति के मालिक, भ्रष्टाचारी और कर्त्तव्यहीन अफसर ना होंगे। मध्य प्रदेश जैसे जिन राज्यों में लोकपाल व्यवस्था कायम है, वहां आए दिन ऐसे अफसरों पर छापे पड़ते हैं, उनके घर मिले नोटों को गिनने के लिए मशीनें लानी पड़ती हैं। कई बार तो नोट गिनने में ही दो-दो तीन-तीन दिन लग जाते हैं। सवाल यह है कि क्या अफसरों के पास अकूत धन उनके सत्कर्मों और कर्त्तव्यपरायाणता के चलते आता है? निश्चित रूप से इस सवाल का जवाब ना में हैं। पैसे आते हैं, अवैध निर्माण को बढ़ावा देने से, नियमों की अवहेलना करने वालों से मिलने वाली रकम से, लोक के लिए आए फंड की बंदरबांट से। बिना प्रशासनिक मिलीभगत के यह कल्पना बेकार है कि किसी नाइट क्लब में अवैध निर्माण होगा, वह संकरी गलियों में चलेगा और उसमें सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी होंगे।

हाल के दिनों में सड़कों पर बसों के आग का गोला बनने की घटनाएं भी बढ़ी हैं, अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर भी चले हैं या चल रहे हैं, सवाल यह है कि क्या खटारा बसें बिना प्रशासनिक मिलीभगत और लापरवाही से सड़कों पर चल सकती हैं, क्या अवैध निर्माण बिना प्रशासनिक सहयोग के हो सकता है, निश्चित तौर पर ऐसे सवालों का जवाब ना में है। जब भी हादसे होते हैं, जब कोई बस आग का गोला बनती है, जब अवैध निर्माण सामने आता है, संबंधित बस मालिक के खिलाफ कार्रवाई हो जाती है, अवैध निर्माण गिरा दिया जाता है। लेकिन इन सबके लिए प्रशासनिक रूप से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। वे साफ बच जाते हैं। सवाल यह है कि जब भ्रष्ट प्रशासनिक तंत्र के बिना कोई नाइट क्लब नियमों को तोड़ते हुए निर्माण नहीं करा सकता, रोकथाम के उपायों की अनदेखी कर सकता है, बिना तंत्र के सहयोग के कोई अवैध निर्माण नहीं कर सकता, बिना तंत्र की आंखें मूंदने के कोई टूर ऑपरेटर खटारा बसों को सड़कों पर उतार नहीं सकता तो उस तंत्र पर सवाल क्यों ना उठे, उस भ्रष्ट प्रशासनिक ढांचे पर प्रहार क्यों न हो, अनधिकृत निर्माण जिस दौर में हुआ, उस वक्त उस इलाका विशेष में तैनात रहे अफसरों, कर्मचारियों और पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों न हो, उन्हें क्यों न जवाबदेह ठहराया जाए।

आज जरूरत इस बात की है कि अब हर गलत कार्य के लिए, गलत कार्य करने वाले, नियम तोड़ने वाले, कानून का उल्लंघन करने वाले को दोषी ठहराने की न्यायिक प्रक्रिया तो चले ही, साथ ही उसके लिए परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार रहे अधिकारियों को भी जवाबदेह बनाया जाए, उन्हें खोजकर उचित प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया के जरिए दंडित किया जाए। जब तक ऐसा नहीं किया जाता, तब तक देश में ऐसी निर्दोष जानें जाती रहेंगी, सड़कों पर अव्यवस्था फैली रहेगी, नियमों की अनदेखी से अराजकता बनी रहेगी। लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि क्या इस तरीके से सोचने को हमारा राजनीतिक ढांचा तैयार है? **-उमेश चतुर्वेदी**

## उदय किशोर साह



## लोक लाज की मिट गई तस्वीर

कविता


लोक लाज की मिट। गई तस्वीर
मयार्दा की जग में फूटी तकदीर
कैसा आया है धरा पे नया जमाना
संस्कार का जहाँ पिट गया पैमाना
छोटे छोटे परिधान की हुई आगाज
ओछेपन में उड़ रहे हैं परवाज
नहीं है समाज की कोई परवाह
भूल गया अपनी वजूद की भाव
बड़े बुजुर्ग का भूला जहाँ। सम्मान
नये नये फैशन की खुल गई दुकान
कैसी परिचलन में ढला हिन्दुस्तान
भूल गया है अब खुद की पहचान
पश्चिमी हवा की है ये सब परिणाम
आगाज हो रही है नित्य नयी विधान
हिन्द में जँच रही नहीं ये परिधान
फिर भी अपना रहे हैं ये नई जवान
मुस्तकिल से भटक गया खान पान
अपनी रोटी हो रही है गुमनाम
कैसा दिन ये आया ओ अनजान
कब सुधारोगे इनको हे भगवान

# ऑपरेशन सिंदूर के 'रील वर्जन' धुरंधर से आखिर क्यों डर गये कुछ मुस्लिम देश?

हिंदी फिल्म धुरंधर को लेकर जो बवंडर उठा है, वह सिर्फ एक फिल्म का विवाद नहीं है बल्कि यह उस बदलती दुनिया की कहानी है जहाँ भारत का पक्ष मजबूती से उभर रहा है और कुछ देशों को यह हकीकत पच नहीं रही है। सबसे पहले एक बात साफ है कि धुरंधर कोई फैंटेसी नहीं है, यह एक रील रूप है उस हकीकत का, जिसे भारत ने ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई के जरिए दुनिया के समक्ष रखा है। यही वजह है कि पाकिस्तान और उसके समर्थकों के दिल में यह फिल्म काँटे की तरह चुभ रही है।

लेकिन असली सवाल पाकिस्तान से भी बड़ा है। भारत के दोस्त कहे जाने वाले खाड़ी देश आखिर पाकिस्तान की राय से इतने प्रभावित क्यों हैं कि उन्होंने फिल्म को सीधे-सीधे बैन कर दिया? यह वही खाड़ी देश हैं जिनके साथ भारत आज रणनीतिक साझेदारी, ऊर्जा सहयोग, व्यापार और सुरक्षा रिश्ते मजबूत कर चुका है। फिर सिर्फ इसलिए कि एक फिल्म पाकिस्तान के इस्लामवादी ढांचे को बेनकाब करती है, वह भारत के पक्ष की बजाय पाकिस्तान के दबाव में क्यों झुक गए? क्या दोस्ती इतनी कमजोर थी? या यह डर कहीं गहरा बैठा है कि भारत का मजबूत नैरेटिव मुसलमानों के नाम पर राजनीति चलाने वाले देशों को असुविधा में डाल देता है?

खाड़ी देशों की यह स्थिति एक और सच्चाई उजागर करती है कि भारत जब अपने मन की कहानी कहने लगता है, तो दुनिया के कई शक्ति-केन्द्र असहज होने लगते हैं। चूंकि यह कहानी अब किसी पश्चिमी देश ने नहीं, बल्कि भारत ने लिखी है और वह भी बेबाकी के साथ इसलिए




इसे 'संवेदनशील', 'विवादास्पद' और 'राजनीतिक' कहकर दबाने की कोशिश हो रही है। देखा जाये तो हॉलीवुड की फिल्में जब नाज़ियों पर चलती थीं या आतंकियों पर बनती थीं, तब किसी को समस्या नहीं थी। लेकिन जैसे ही भारत उसी भाषा में अपना सच बोलता है तो कुछ देशों को मानो बुखार चढ़ जाता है।

असल बात यह है कि अगर रील में दिखाई गई भारत की शक्ति से ही इतनी घबराहट है, तो असली भारत का सामना करने का साहस कहाँ से आएगा? आज का भारत वह नहीं रहा जिसे डराया जा सके या जिसकी आवाज रोकी जा सके। यह नया भारत अपने सैनिक अभियान भी दिखाता है, आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति भी स्पष्ट रखता है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किसी के लिहाज में झुकता नहीं। खाड़ी देशों को यह समझ लेना चाहिए कि इस भारत के साथ खड़ा होना फायदे का सौदा है और पाकिस्तान जैसे असफल, कट्टरतावादी ढाँचे को खुश करने के लिए भारत से दूरी बनाना भविष्य में उन्हें और महंगा पड़ेगा।

फिल्म धुरंधर को लेकर जो हंगामा हो रहा है, वह यह साबित करता है कि पाकिस्तान का नैरेटिव अब कमजोर हो रहा है और भारत का नैरेटिव ताकत पकड़ रहा है। वह देश जो पाकिस्तान के पारंपरिक प्रभाव में थे, वह इस बदलाव को देखकर घबराए हुए हैं। लेकिन घबराहट से ज्यादा यह उनकी कमजोरी दिखाती है क्योंकि सच्चाई से डरने वाले ही आवाजों को दबाते हैं। दूसरी ओर, भारत को इस बहिष्कार से विचलित होने की जरूरत नहीं है। बल्कि यह तो संकेत है कि भारत की सांस्कृतिक और रणनीतिक ताकत सीधे सही जगह चोट कर रही है। अगर सिर्फ एक फिल्म से इतनी बेचैनी है, तो भारत के वास्तविक संकल्प और शक्ति का असर कितना गहरा होगा, यह दुनिया अच्छी तरह समझ चुकी है। इसलिए, पाकिस्तान और उसके प्रभाव में चलने वाले देशों को एक सलाह है कि डरते रहिए। क्योंकि नए भारत की राह में अब न आपका नैरेटिव चलेगा, न आपकी शर्तें। अब भारत अपनी कहानी खुद लिखता है और पूरी दुनिया उसे सुनने को मजबूर है। **-नीरज कुमार दुबे**

# यूपीआई के आसान उपयोग के कारण लोग ज्यादा खर्च कर रहे हैं



वीरेंद्र बहादुर सिंह

**वेलकम इंडिया**

पिछले दस वर्षों में भारत में अगर सबसे तेजी से किसी चीज ने विकास किया है तो वह है यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) प्रणाली। जिसके माध्यम से महीने दिन में लगभग 18 अरब लेन-देन होते हों और छोटे-बड़े, गरीब-अमीर सभी इसका उपयोग करते हों तो समझा जा सकता है कि भुगतान का बोझ कितना आसान हो गया है। ग्रामीण भारत, शहरों के छोटे दुकानदारों और ठेले-गुमटी वालों तक, सबके बैंक खाते जनधन खातों के माध्यम से खुले और उसके चलते यूपीआई प्रणाली ने रफ़्तार पकड़ी। यूपीआई का उपयोग करने वाले लाखों लोग इसे आर्थिक लेन-देन का आसान और सुरक्षित तरीका बता रहे हैं।

इस फास्ट पेमेंट सिस्टम में भारत दुनिया में अग्रणी है। जेब में नकद पैसे न हों, लेकिन मोबाइल में गूगल पे, पेटीएम, फोनपे, भीम जैसी ऐप हों तो आप पूरा दिन घूमफिर सकते हैं, शापिंग कर सकते हैं, खा-पी सकते हैं। दूर-दराज के गांवों से लेकर धार्मिक स्थलों पर फूल और नारियल बेचने वालों तक, सब यूपीआई प्रणाली का इस्तेमाल करते हैं। सच तो यह है कि यूपीआई कहां इस्तेमाल नहीं होता, इसकी सूची बनाना मुश्किल है।

भारत की यूपीआई प्रणाली आठ अन्य देशों, फ्रांस, मारीशस, कतर, यूएई, सिंगापुर, श्रीलंका, नेपाल और भूटान में भी चल रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी हाल ही में उल्लेख किया है कि रिटेल पेमेंट सिस्टम में भारत विश्व में लीडर बनकर उभरा है। वर्ष 2016 में नेशनल पेमेंट्स कार्पोरेशन आफ इंडिया द्वारा शुरू किए गए इस भगीरथ प्रयास को अभी दस साल भी पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैल चुकी है। कुछ ही मिनटों या सेकंड्स में तरह-तरह के बिल भर देने, परिवारजनों या व्यापारियों को पैसे भेज देने वाली इस प्रणाली का जो एक बार उपयोग करता है, वह इसका स्थाई उपभोक्ता बन जाता है।

पैसों के लेन-देन की वर्षों पुरानी 'एक हाथ से लो, दूसरे हाथ से दो' की परंपरा में बदलाव लाना संभव नहीं लगता था। खुल्ले पैसे नहीं हैं, कहकर गोल आंकड़ों में लेन-देन होता था, जिससे किसी न किसी पक्ष को नुकसान उठाना पड़ता था। सरकारी सहायता सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में जमा करने के लिए जनधन बैंक खाते खोले गए और उसके बाद डिजिटल पेमेंट प्रणाली यूपीआई में इसका उपयोग बढ़ा।

ऐसा माना जाता था कि पैसे के लेन-देन की आदतों में बदलाव संभव नहीं है, लेकिन सबके आश्चर्य के बीच यह डिजिटल पेमेंट सिस्टम छा गया। यहां खुल्ले पैसों की कमी की कोई समस्या नहीं आती। फटी या घिसी हुई नोटों को लेकर होने वाले झगड़े भी अब शायद ही दिखते हैं, इसके पीछे यूपीआई प्रणाली का ही हाथ है।

डिजिटल रूप में पैसे का लेन-देन करने वाली इस प्रणाली को जनता इतनी तेजी से स्वीकार कर लेगी, यह किसी ने सोचा भी नहीं था। जहां पहले व्यापारी के लिए नकद लेकर पहुंचना जरूरी था, वहां अब यूपीआई प्रणाली ऑनलाइन पहुंच उपलब्ध करा रही है। हर लेन-देन की रसीद आप स्टोर कर सकते हैं, व्हाट्सएप पर या कहीं और साझा भी कर सकते हैं।

पैसा और उसका लेन-देन बेहद संवेदनशील और जिम्मेदारी भरा विषय है। लेन-देन की पद्धति बदलना कई बार समस्या पैदा कर सकता है। लोग जिस तरीके के आदी होते हैं, उसमें बदलाव करना आसान नहीं होता, लेकिन यूपीआई प्रणाली ने यह कर दिखाया है। इसके पीछे मुख्य कारण हैं, जनधन बैंक खाते, संचालन में सरलता और त्वरित लेन-देन। सबसे बड़ी सफलता यह है कि जिन्हें अंग्रेजी नहीं आती या स्मार्टफोन चलाने में खास दिक्कत होती है, वे लोग भी यूपीआई का उपयोग करना सीख गए हैं। यूपीआई के कारण छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी खरीद कुछ ही पलों में की जा सकती है।

यूपीआई प्रणाली के कारण लोगों के रोजमर्रा के खर्च में बढ़ोतरी हुई है, यह भी सामने आया है। पहले जेब में जितने नकद पैसे होते थे, उतना ही खर्च करने की सीमा रहती थी। लेकिन यूपीआई के कारण बैंक खाते में जमा पूरी रकम खर्च करने की आजादी मिल गई है।


यूपीआई से भुगतान करने वाले इस बात से सहमत होंगे कि पहले लोग पसंद की चीज खरीदने से पहले जेब में मौजूद नकद पैसे देखते थे, लेकिन अब यह पता ही नहीं चलता कि बैंक खाता कब खाली हो गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अंतर जनपदीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का समापन





**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी** :- मेरा युवा भारत लखनऊ द्वारा आयोजित अंतर जनपदीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ कार्यक्रम के समापन अवसर पर विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागी युवाओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गऐ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृतिका जायसवाल (आईआरएस 2015 बैच), संयुक्त निदेशक, आयकर विभाग, हैदराबाद उपस्थित रहीं कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जनपदों के युवाओं के बीच आपसी समझ, भाईचारे, सांस्कृतिक आदान प्रदान, नेतृत्व क्षमता के विकास तथा राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने समूह चचाओं, सांस्कृतिक गतिविधियों, नेतृत्व प्रशिक्षण सत्रों और सामाजिक विषयों पर संवाद के माध्यम से एक-दूसरे के अनुभवों को साझा किया।

इन गतिविधियों ने युवाओं को न केवल एक दूसरे की संस्कृति और विचारों को समझने का अवसर दिया, बल्कि टीमवर्क और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत किया समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया पुरस्कार प्राप्त करने वाले युवाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और संतोष स्पष्ट दिखाई दे रहा था प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन उन्हें अपने व्यक्तित्व को निखारने और समाज व देश के प्रति अपनी भूमिका को समझने में मदद करते हैं मुख्य अतिथि कृतिका जायसवाल ने अपने संबोधन में युवाओं को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का महत्व समझाया उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि आईआरएस अधिकारी बनने की उनकी यात्रा आसान नहीं थी इस दौरान उन्हें कई चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन स्पष्ट लक्ष्य, आत्मविश्वास और लगातार मेहनत ने उन्हें सफलता दिलाई उन्होंने कहा कि युवा अवस्था में लिया गया।

# होप स्पेशल स्कूल वार्षिक समारोह का आयोजन



**(संतोष कुमार सिंह )**

**वाराणसी** /मुजफ्फरपुर :- होप स्पेशल स्कूल सह सचिन विकलांग सह जन सेवा संस्थान द्वारा वार्षिक सम्मान समारोह का किया गया आयोजने संस्था के संस्थापक अमृता रानी सिंह, डॉ शगुन झा, द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरूआत हुई अमृता रानी सिंह ने उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए साथ ही नेत्र जांच, हेल्थ चेकअप, फिजियोथैरेपिस्ट, रक्तदान, शिविर आयोजन किया गया जिसमें डॉ अल्का कुमारी, डॉ. शुबेंदु शेखर वहीं कार्यक्रम में एस एन अस्पताल के द्वारा स्कूल के बच्चों का स्वस्थ्य जांच किए गऐ कार्यक्रम में श्री शांति मुकूल शर्मा स्मृति सिंह गणमान्य व्यक्ति एवं दिव्यांग से संबंधित सामाजिक कार्यकर्ता संस्था के सभी शिक्षिका दी।

# काशी तमिल संगमम 4.0 में काई सिलंबट्टम की दमदार प्रस्तुति, तमिल लोक कलाकारों ने जीता दर्शकों का दिल



**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी** :- काशी तमिल संगमम 4.0 के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में तमिलनाडु की प्राचीन लोक परंपरा काई सिलंबट्टम की प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया यह प्रस्तुति तमिलनाडु से आए तुलसीराम के समूह द्वारा दी गई जिसने अपनी ऊर्जा, अनुशासन और कलात्मक कौशल से पूरे परिसर में उत्साह भर दिया काई सिलंबट्टम तमिल समाज की ऐतिहासिक युद्ध कला सिलंबम से विकसित एक विशिष्ट लोक नृत्य है जिसमें लकड़ी की छड़ी के साथ तालबद्ध और सशक्त गतियों का प्रदर्शन किया जाता है तुलसीराम के नेतृत्व में कलाकारों ने लय, गति और समन्वय के साथ इस कला का जीवंत प्रदर्शन किया जिससे दर्शकों को तमिलनाडु की सांस्कृतिक गहराई और वीर परंपरा को समझने का अवसर मिला प्रस्तुति के दौरान पारंपरिक वेशभूषा, ऊजार्वान संगीत और सटीक कदमों ने माहौल को जीवंत बना दिया दर्शकों ने उत्साहपूर्वक तालियों के साथ कलाकारों का स्वागत किया और बड़ी संख्या में लोग इस लोक नृत्य को देखकर प्रसन्न नजर आऐ कई दर्शकों ने पहली बार काई सिलंबट्टम को नजदीक से देखा और तमिल संस्कृति के इस अनूठे रूप को समझा काशी तमिल संगमम 4.0 के मंच पर काई सिलंबट्टम की यह प्रस्तुति ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व की भावना को साकार करती दिखी।ञ

जहाँ उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक परंपराएँ एक-दूसरे से जुड़ती हैं यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम बना,

बल्कि सांस्कृतिक संवाद और पारस्परिक समझ को भी सशक्त करने वाला सिद्ध हुआ।

# किसान मजदूर संगठन ने की बैठक, 500 रुपये क्विंटल गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग

**वेलकम इंडिया**



**शामली।** किसान मजदूर संगठन की बैठक में गन्ना मूल्य बढ़ोतरी को कम बताकर 500 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग की है।

शनिवार को सहारनपुर-मुजफ्फरनगर मार्ग पर किसान मजदूर संगठन की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता करते हुए ठाकुर पूरण सिंह ने प्रदेश सरकार की ओर से 400 रुपये कम बताते हुए 500 रुपये क्विंटल किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ने की लागत पांच सौ रुपये प्रति प्रति क्विंटल आ रही है। इसलिए गन्ना मूल्य और बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, जिससे किसानों को लाभ मिल सके। इस मौके पर गांवो की लिंक रोड को जल्द पूर्ण करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन पर छूट का लाभ सरकार की ओर से दो तीन किलोवाट तक बिजली कनेक्शन तक दिया जा रहा है। सभी किसानों को बिजली राहत योजना का लाभ दिया जाना चाहिए। डेयरी उत्पादों में मिलावट का गंभीर संकट बढ़ रहा है। डेयरी उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने और मिलावट की रोकथाम के लिए कदम उठाया जाना जरूरी है। बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष ठाकुर लाखन सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपांशु वशिष्ठ, नगर उपाध्यक्ष अमित कौशिक, युवा जिलाध्यक्ष शहजाद पुंडीर, आकाश शर्मा, हर्ष तोमर, अमृत सिंह, मिंटू सिंह आदि मौजूद रहे।

# साइबर ठगों के 12 गांव मथुरा पुलिस के रडार पर

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** साइबर ठगों से निपटने के लिए एसएसपी श्लोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पहले पूरा होमवर्क किया है। 12 ऐसे गांवों को चिन्हित किया गया है, जहां साइबर ठग रहते हैं। इनमें सबसे ज्यादा गांव गोवर्धन के हैं। इन गांवों पर कार्रवाई के लिए पूरी रणनीति बनाई गई है। वरिष्ठ अधिकारी अचानक पुलिस को सूचना देंगे, ताकि पहले से कोई सूचना लीक नहीं हो सके। छाता, शेरगढ़, कोसीकलां, बरसाना और गोवर्धन में साइबर ठगों का डेरा है। यही गांव ऐसे हैं, जहां समय-समय पर पुलिस की कार्रवाई होती रहती है। पुलिस इतनी बड़ी कार्रवाई करेगी, यह ग्रामीणों ने कभी सोचा नहीं था। पुलिस ने 12 गांवों की जो सूची बनाई है उसमें गोवर्धन थाने के देवसेरस मुड़सेरस, नगला अकातिया, दौलतपुर, मड़ौरा गांव शामिल हैं। जबकि कोसीकलां थाना के नगला उटावर, सिरौली, सांचौली भी साइबर ठगी के लिए कुख्यात हैं। इसके अलावा शेरगढ़ में जंघावली और विशंभरा गांव में भी बड़ी संख्या में साइबर ठग रहते हैं। इसी तरह बरसाना थाना का हाथिया गांव भी ठगों का प्रमुख गढ़ है। पुलिस ने यहां ठगी का काम करने वालों की सूची तैयार की जा रही है। एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि इन गांवों को चिन्हित किया गया है, इनमें समय-समय पर कार्रवाई की जाएगी। गांव में जो पूर्व में अपराधों में शामिल रहे हैं, उनकी सूची तैयार की गई है। मथुरा में ठगों के गांव की ज्यादातर रिश्तेदारी राजस्थान और हरियाणा के मेव परिवार में है। जहां रिश्तेदारियां हैं, वह भी शातिर अपराधी हैं। ऐसे में वहां पर अपराध करने के बाद उत्तर प्रदेश के गांवों में डेरा डाले रहते हैं।

# 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पेरेंट्स सोशल मीडिया से कराएं लॉग-आउट - आईपीए

**वेलकम इंडिया अनिल कुमार**



**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन (आईपीए) ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की माँग को लेकर भारत के माननीय प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, तथा संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को विस्तृत ज्ञापन भेजा है आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने कहा है कि देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है कि टीनएजर्स को सोशल मीडिया की लत और उससे जुड़े खतरों से बचाया जाए, क्योंकि यह समस्या अब राष्ट्रीय स्तर का गंभीर मुद्दा बन चुकी है। अंडर-16 बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से दूर रखना अब बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, उनकी सुरक्षा और पढ़ाई– सबके लिए अनिवार्य हो गया है। हम सभी माता-पिता से अपील करते हैं कि यदि आपके बच्चे किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं, तो तत्काल उन्हें लॉग-आउट करवाएं। सभी माता पिता चिंतित हैं कि बच्चों के लिए सोशल मीडिया आज मानसिक सुरक्षा, प्राइवेसी उल्लंघन, साइबर बुलिंग, गेमिंग एडिक्शन, असभ्य कंटेंट और अन्य साइबर खतरों का बड़ा स्त्रोत बन चुका है। कई अंतरराष्ट्रीय शोध बताते हैं कि कम उम्र में सोशल मीडिया का उपयोग बच्चों की एकाग्रता, पढ़ाई, सामाजिक व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। मीडिया की खबरों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला देश बन गया है जिसने अंडर-16 बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स, स्नैपचैट और टिकटॉक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से प्रतिबंधित कर दिया है। अब जब भारत विश्वगुरु बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो हमें भी अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए उसी स्तर का साहसिक कदम उठाना होगा। देश के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक है।


# श्री जैन तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्मदिन, 14 दिसम्बर के स्थान पर 15 दिसंबर को नानवेज के सभी दुकाने रहेगी बन्द

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी** :- श्री जैन तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्मदिन 14 दिसम्बर रविवार को नगर क्षेत्र में बिकने वाली सभी मीट, मुर्गा, मछली की सभी दुकाने रखने के संबंध में नगर निगम वाराणसी द्वारा 13 दिसंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति जिसमें 14 दिसम्बर को मीट मुर्गा की दुकानें बंद रखा जाएगा।

उक्त को खंडन करते हुए अब 15 दिसंबर को नगर क्षेत्र के सभी मीट मुर्गा, मछली की दुकानें एवं स्लॉटर हाउस बंद रहेंग।

साथ ही दुकानों एवं होटल एवं रेस्टुरेन्ट में भी मांसाहार भोजन बन्द रहेगीं इसका उल्ल्घंन किये जाने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी श्री जैन तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्मदिन 14 दिसम्बर पर इस प्रकार की दुकानों को बन्द किये जाने के सम्बन्ध में नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डा0 संतोष पाल के द्वारा आदेश जारी किया गया है।


कार्यालय पशु चिकित्सालय, नगर निगम वाराणसी।

सार्वजनिक सूचना

मीट/मांस की दुकाने/ होटल एवं रेस्टोरेन्ट बंद रखें।

[illegible]

पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी
नगर निगम वाराणसी।

# 28 दिसंबर की महापंचायत की तैयारी, सवर्ण समाज की एकता और अधिकारों पर होगा जोर

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** सवर्ण समाज द्वारा गोवर्धन क्षेत्र में आगामी 28 दिसंबर को आयोजित होने वाली महापंचायत की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। महापंचायत को सफल बनाने के उद्देश्य से आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष सुजान सिंह तरकर के मंडी चौराहा स्थित कार्यालय पर आज सुबह 11:00 बजे से महापंचायत की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए एक बैठक आहूत की जाएगी। इस बैठक में सवर्ण समाज के प्रमुख पदाधिकारी जुटेंगे। गौरतलब है कि सवर्ण समाज द्वारा गोवर्धन में 28 दिसंबर को यह विशाल महापंचायत आयोजित की जा रही है।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य सवर्ण समाज की एकता, सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई को मजबूती प्रदान करना है।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर ने समाज के सभी लोगों से महापंचायत में अधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाने की पुरजोर अपील की है। महापंचायत को लेकर क्षेत्र में गहमागहमी का माहौल है और सवर्ण समाज इसे शक्ति प्रदर्शन के रूप में देख रहा है।

# श्रीहित हरिवंश प्रचार प्रसार मंडल की चौरासी कोस यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृन्दावन।** ब्रज की पावन धरा पर इन दिनों भक्ति और आस्था का अलौकिक दृश्य देखने को मिल रहा है। श्रीहित हरिवंश प्रचार प्रसार मंडल के तत्वावधान में आयोजित की जा रही अष्ट दिवसीय ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा में देश-विदेश से आए श्रद्धालु भक्ति के रंग में सराबोर होकर आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। इस पुनीत यात्रा को श्रीराधावल्लभ मंदिर के वर्तमान तिलकायत अधिकारी, श्रीहित मोहित मराल गोस्वामी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा है एवं तिलकायत अधिकारी महाराज के मार्गदर्शन में यात्रीगण ब्रज के कण-कण में विद्यमान भगवान श्रीराधा-कृष्ण की अनुपम लीला स्थलियों के दर्शन कर रहे हैं। यात्रा के दौरान, श्रद्धालु ब्रज चौरासी कोस के प्रमुख स्थानों, वनों और उपवनों का भ्रमण कर रहे हैं, जहाँ ठाकुरजी ने अपनी दिव्य लीलाएं रची थीं। भजनों और कीर्तन की मधुर ध्वनि से ब्रज का वातावरण गुंजायमान हो रहा है।

# 37 भेजे जेल, 10 फरार पर 25 हजार का इनाम, यूपी के 'जामताड़ा' में नाबालिग भी साइबर शातिर

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिले की पुलिस द्वारा साइबर ठगों की कमर तोड़ने के लिए कुख्यात चार गांवों में की गई कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी मानी जा रही है। इस मामले में गोवर्धन थाने के प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी ने खुद 35 पेज की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पूछताछ में पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं। इनके आधार पर पुलिस जल्द ही फिर से बड़ी कार्रवाई की तैयारी में जुट गई है। भागे 120 लोगों में से 10 के नाम सामने आए हैं। इन पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित किया गया है। सभी ठगों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जा रही है। इनकी संपत्ति भी जब्त होगी। 37 ठगों को शुक्रवार को न्यायालय पेश किया, जहां से सभी जेल भेज दिए। पांच नाबालिग थे जिन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। साइबर ठगी में पुलिस ने देवसेरस के प्रधान इस्लाम व उसका पुत्र बेहतरीन के अलावा, इमरान, शैकुल, आशू, कालू, शमीम, अफसर, ईसव, तालिम पुत्र जैकव, तालिम पुत्र आशू, तालिम पुत्र हसन खां, आबिद, वाजिद, आरिफ, तसलीम, आजम, मुनफैद, रुकमुद्दीन, हफीज, साहिल, उन्नस, हामिद, फारुख, रोहित, दीपक, मुश्तफा, इरशाद, सोहिल, अरशद, शकील, माजिद, इंसाफ, राहुल, जावेद, इस्लाम पुत्र पहलवान आदि।

# कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज युनियन उत्तर प्रदेश का 29वां दो दिवसीय प्रान्तीय अधिवेशन का आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसीः-** कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज युनियन उत्तर प्रदेश का 29वां दो दिवसीय प्रान्तीय अधिवेशन वाराणसी में परेड कोठी रोडवेज कैंट स्थित होटल प्रताप पैलेश में किया गया आयोजने शनिवार को पहले दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के सम्पर्क प्रमुख मनोज जी ने दीप प्रज्वलित करके किया अपने सम्बोधन मे मुख्य अतिथि मनोज जी ने कहा कि सहकारी बैक कर्मचारियों की जो प्रमुख समस्याएं है उनका समाधान कराने का प्रयास करूंगा उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ का जो नारा है देश के हित मे करूंगा काम और काम का लूगा पूरा दाम उसको चरितार्थ करते हुए आप सभी का राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र हित मे जो भी कार्य आप कर रहे है इसका लाभ आप सभी को मिलेगा वैसे कोआपरेटिव की मुझे कोई जानकारी नहीं है कम्यूनिष्टो ने देश का जो भण्डार करने का काम किया उन्होंने मजदूरों का भी बहुत अधिक नुकसान किया भारतीय मजदूर संघ ने कर्मचारियों के हित और राष्ट्र निर्माण के लिए काम किये कम्यूनिष्टो ने देश को तोड़ने के लिए अकबर महान पढ़ाने का कार्य किया जो अब बदल रहा है संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है आज के परिवेश मे हमारी कुछ भुमिकाये है देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमे बिचार करना होगा कि कुछ लोग देश को तोड़ना चाहते है, हमे स्वदेशी को हमे अपनाया होगो मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेगरी के जीवन और उनके सिद्धांतो को हमे पढ़ना और उनके बिचारो को हमे अपनाना होगा हमे अपनी भाषा को सम्मान देना होगा क्योकि भाषा से संस्कृति का जन्म होता है प्रारंभ मे महामंत्री सुधीर सिंह ने सभी प्रतिनिधियो का स्वागत करने के बाद बैठक का एजेण्डा रखा जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया संरक्षक राजेश्वर सिंह ने युनियन का इतिहास व उसके द्वारा किये गये कार्यो को विस्तार से रखा पूर्व महामंत्री एवं संरक्षक महेश सिंह ने कहा कि यदि बैंको को विभाग के चंगुल से मुक्त कर दिया जाय तो बैक काफी बिकसित हो जायेगे और उत्तर प्रदेश सहकारिता के क्षेत्र गुजरात को पछाड़ देगो अतिथियों का स्वागत वाराणसी युनिट के मंत्री नायब सिंह के नेतृत्व मे बुके एवं अंगवस्त्र देकर किया गयो अध्यक्षता जिला सहकारी बैक के अध्यक्ष सुमन अजय राय ने किया संचालन महामंत्री सुधीर सिंह व अमित कुमार सैनी ने किया अधिवेशन मे प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, बैक के सीईओ मिलिंद जी बीएन चौबे, शेषनाथ यादव, आनन्द कुमार त्रिपाठी, ईश्वर चौहान, संतोष सोनकर, महेश कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, धर्मेन्द्र दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे ।



# प्रोफेसर शंकर कुमार मिश्र हुए मिथिला विभूति से सम्मानित

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :-:अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव संपूर्णा नन्द पांडेय ने मैथिल समाज उत्तर प्रदेश द्वारा द्वि दिवसीय महा कवि विद्यापति महोत्सव के प्रथम दिन रश्ऊश इल्रव धर्मशास्त्र के ख्यात विद्वान प्रो.शंकर जी को सामाजिक सेवा के लिए मिथिला विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी एवं शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने प्रोफेसर शंकर कुमार मिश्र का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव संपूर्णा नन्द पांडेय ने प्रो. शंकर मिश्रा को बधाई दिया और उनके बारे में कहा कि सर की निष्पक्षता ही आज सर्वोपरि किया है पांडेय जी ने कहा कि सर से क्लियर है और कोई भी व्यक्ति हो साफ सुथरा बात करते है डा.अमित तिवारी ने कहा कि प्रो.शंकर मिश्रा का सानिध्य पूरे देश के धर्म शास्त्र को मिले यही ईश्वर से प्रार्थना है कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता गौतम झा, अध्यक्ष निरसन झा, दास पुष्कर आदि रहे।

# किसान पाठशाला में संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की सलाह

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़** ।* फसलों में अंसतुलित उर्वरकों के प्रयोग से पौधों की वानस्पतिक वृद्धि अधिक होती है जिससे पौधा मुलायम हो जाता है, फलस्वरूप फसल में कीटों व रोगों के संक्रमण की संभावना अधिक होती है।ऐसे में किसान संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें। उक्त सलाह शनिवार को कृषि विभाग द्वारा ढांका गांव में आयोजित दो दिवसीय किसान पाठशाला के दूसरे दिन मास्टर ट्रेनर देवमणि त्रिपाठी ने किसानों को दी। बताया कि अधिक यूरिया के प्रयोग से नाईट्रस आक्साईड गैस निकलने के कारण पर्यावरण (वायु, जल व मिट्टी) प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है।उन्होंने बताया कि ‟पीएम प्रणाम योजना‟ के अंतर्गत विगत तीन वर्षों में अनुदानित रसायनिक उर्वरकों की बिक्री के औसत से जितनी कम उर्वरक की खपत होगी उसके सापेक्ष अनुदान की बचत धनराशि का 50 प्रतिशत किसानों के हित में व्यय करने हेतु राज्य सरकार को उपलब्ध कराने का प्रावधान है। उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल के निर्देशन में आयोजित किसान पाठशाला के दूसरे दिन कृषि विभाग विभाग की योजनाओं, कृषि उत्पादन में एसपीओ की भूमिका सहित कृषि प्रसार में तकनीकी कौशल का महत्व आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद निषाद, सरिता देवी, राम अवतार, अमरनाथ पाण्डेय, लक्ष्मीशंकर दुबे, अर्जून सिंह सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



# रवानी कटीरी में बरात पर हमला कर दर्जन भर बराती घायल

वेलकम इंडिया

**बुगरासी**। शुक्रवार शाम को क्षेत्र के गांव रवानी कटीरी में रामचंद्र पुत्र रामप्रसाद के यहां बरात लेकर गये थे।बरात चढत के दौरान जैसे ही बरात रामचन्द्र के घर के पास पहुंची तो पहले से तैयार खडे 10 लड़कों ने बरात पर हमला कर दिया तो बरात में अफरातफरी मच गई।आधा दर्जन से अधिक बराती घायल हो गये जिन्हें फौरन उपचार के लिए डॉक्टर के पास ले जाया गया। जहांगीराबाद निवासी महेश पुत्र जानकी ने उक्त मामले की तहरीर थाना नरसेना में दी हैं। वहीं दूसरी तरफ बेटी वाले पक्ष का कहना है कि बारात चढत के समय डीजे आगे बढाने को लेकर जो विवाद हुआ था उसे गांव में ही निपटाया जा सकता था लेकिन न जाने किस के बहकावे में आकर दूल्हा पक्ष ने थाने जाकर मुकदमा लिखवा दिया।फिलहाल गांव के संभ्रांत व्यक्ति गांव में बैठकर सलाह मसवरा कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसा ना होने पाये।

उधर थाना प्रभारी नरसेना वीरपाल सिंह ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।



## 24 कुंडीय महायज्ञ कलश यात्रा निकाली

**नकुड़**। गांव टाबर में 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि महायज्ञ व संस्कार महोत्सव के अंतर्गत मंगल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गांव-क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। शनिवार को गांव टाबर में गायत्री परिवार शांतिकुंज द्वारा आयोजित 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि महायज्ञ व संस्कार महोत्सव का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा गांव के भूमिया खेड़ा मंदिर से शुरू होकर गांव की परिक्रमा करते हुए यज्ञ स्थल पर संपन्न हुई। कलश यात्रा में टाबर, लतीफपुर, मंधौर, काजीबांस, रेतगढ़, नसरुल्लागढ़ आदि गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। राधेश्याम शर्मा ने बताया कि रविवार व सोमवार को 24 कुंडीय महायज्ञ किया जाएगा। महायज्ञ के बाद शांतिकुंज से पहुंचे आचार्य से श्रद्धालु धार्मिक प्रवचनों को सुनकर धार्मिक लाभ उठाएंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार को कार्यक्रम का समापन होगा। इस मौके पर ठाकुर प्रेम सिंह, जगमाल सिंह, श्याम सिंह, जयकरण राणा, कुलदीप शर्मा, चमन सिंह, केपी पंवार, आवेश कुमार, सुनील कुमार आदि श्रद्धालु रहे।

# शिकारपुर में घने कोहरे ने दी दस्तक, लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी।



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर**। शनिवार को सर्दी के पहले घने कोहरे ने दस्तक दे दी है। सर्द मौसम में शनिवार अल्प सुबह कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी रही। कोहरे के कारण ठंड बढ़ गई है। लगभग 11:00 बजे कोहरे छटने पर धूप से लोगों को राहत मिली। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह सर्दी का पहला कोहरा देखने को मिला। सुबह के समय जैसे ही लोग सो कर उठे तो घना कोहरा छाया था। दिसंबर का दूसरा सप्ताह पूरा हो गया है और ठंड बढ़ने लगी है। शनिवार को सुबह कोहरा छा गया सड़कों पर कोहरे की धुंध हो जाने से वाहनों की रफ्तार भी धीमी रही। वाहन चालकों को दिन में भी लाइट जलाकर गुजरना पड़ा। कड़ाके की ठंड के कारण लोग घरों में कैद रहने को विवस रहे। शाम के समय ठंड के बढ़ने के कारण व्यापारी जल्दी दुकान बंद करके घर चले गए। पुलिस और प्रशासन ने वाहन चालकों से गति नियंत्रित रखने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। वाहन चालकों को सावधानी से यात्रा करने की सलाह दी गई है।

# स्कूल में वार्षिक सह खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

वेलकम इंडिया

**पहासू/बुलंदशहर/पहासू**

एंजेल्स पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल, पहासू में शनिवार को वार्षिक सह खेल दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में विद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ निखिल राघव ने मशाल जलाकर किया।।बड़ी संख्या में अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत ईश्वर वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के साथ की गई।

इस वर्ष कार्यक्रम की थीम सीखने का संकल्पह्व रही, जिसे विद्यार्थियों की विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, प्रेरणादायक नाटिका एवं गीतों के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

खेल प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में विशेष उत्साह भर दिया तथा विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना का संदेश दिया। प्रधानाचार्य योगेन्द्र शर्मा ने सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया और उनके द्वारा किए गए विभिन्न विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना की और अभिभावकों से साथ में यह भी अपील की आगामी समय में इसी तरह से अपने बच्चों को प्रेरित करते रहे। विद्यालय प्रबंधन की तरफ से शशि राघव ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की तथा अभिभावकों ने बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर धीरेन्द्र राघव, शशि राघव, मुनेश कुमार, किशनपाल सिंह, अंकुर गुप्ता, अवनीश राघव मौजूद रहे।



# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी



वेलकम इंडिया

**मथुरा**। प्रयागराज हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्म स्थान से संबंधित 18 मुकदमों पर सुनवाई हुई, श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिकाकर्ता और श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि सुनवाई में हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष का अधिवक्ताओं के मध्य में बहस हुई, न्यायालय में बाद विंदू तय होने थे और सभी पक्षकारों के द्वारा संशोधन पत्र जमा होना था लेकिन सुनवाई ज्यादा नहीं हो सकी और माननीय हाईकोर्ट के जज अनिल कुमार सक्सेना ने अगली सुनवाई के लिए 23 जनवरी की डेट लगा दी है। दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुस्लिम पक्ष के पास कोई भी ऐसा कागज का टुकड़ा नहीं है जिससे वह यह कह सके कि यहां मस्जिद पहले बनी थी और मंदिर बाद में, उन्होंने कहा कि हमारे पास जितने भी प्राचीन साक्ष्य थे, वो न्यायालय जमा कर दिए और हमें न्यायालय और संविधान में पूर्ण विश्वास है, जीत हिंदुओं की होगी।

# हर मोर्चे पर जातिगत समीकरण साध रही भाजपा

वेलकम इंडिया

**मथुरा**। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के निर्वाचन की सरगर्मी लखनऊ में दिन भर तेज रहीं। महाराजगंज से सात बार के सांसद रहे पंकज चौधरी को अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने कुर्मी समुदाय को संबल प्रदान किया है। उन्होंने शनिवार को लखनऊ में नामांकन किया और उनका चुना जाना तय है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन में मथुरा से मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी जाट एवं महानगर अध्यक्ष हरिशंकर उर्फ राजू यादव को प्रस्तावक बनाकर पार्टी ने अनूठे जातिगत समीकरणों को उजागर किया है। लखनऊ में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर पार्टी में संगठनात्मक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। कुर्मी जाति को साधने के लिहाज से साथ बार के सांसद एवं मंझे हुए नेता पंकज चौधरी को सूबे के भाजपा संगठन की कमान सोंपा जाना तय है। उनके नामांकन के समय खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई दिग्गज नेता एवं डिप्टी सीएम मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ नाट्य कला अनुभाग पूरी टीम के साथ डाक्टर लियाकत अली जलज हुए सम्मानितँ






(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसीः-** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ वाराणसी, उतर प्रदेश एवं बिंदेश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं में नाट्य कला अनुभाग के छात्र-छात्राओं की पूरी टीम को राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर नाट्य कला अनुभाग पूरी टीम के साथ पुरोहित के रूप में मंचन करने पर डाक्टर लियाकत अली जलज को महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान के निदेशक डॉ.नागेंद्र कुमार सिंह ने सम्मानित कियो इस अवसर पर नाट्य गुरु शुभ्रा वर्मा, प्रो.अरुण जैन, प्रो. के.के.सिंह पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ, बिंदेश्वरी प्रसाद दूबे, वी एल प्रजापति शामिल रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन धैर्य कुमार जायसवाल ने किया सम्मानित होने वालों में असलम शेख, भानु प्रताप राय, प्रदीप यादव, सह निर्देशिका रंजना सोनकर, अनुराधा कुमारी, शालिनी कुमारी, संस्कृति दूबे शामिल रहीं।

# घरवाले शादी करने बैंक्वेट हाल गए, पीछे खंगाला घर

वेलकम इंडिया

**नागल**। गांव शीतलाखेड़ा में शादी समारोह के दौरान बंद पड़े मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए ताले तोड़ कर सोने-चांदी के आभूषण, 24 हजार की नकदी, कीमती और अन्य सामान चोरी कर लिया। चोर पास ही स्थित एक दूसरे ग्रामीण के घेर में खड़ा महिंद्रा ट्रैक्टर भी चोरी कर ले गए। गांव निवासी चरण सिंह ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी की शादी नागल स्थित एक मैरिज प्लेस में थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे। सुबह जब परिजन घर लौटे तो देखा कि मकान का ताला टूटा पड़ा था और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण, 24 हजार रुपये की नकदी तथा मेहमानों को देने के लिए रखे गए कीमती कपड़े चोरी कर लिए थे। वहीं, दूसरी घटना में गांव निवासी विपिन कुमार ने भी थाने में तहरीर दी। बताया कि उसके घेर में खड़ा महिंद्रा ट्रैक्टर चोरों ने चोरी कर लिया। दोनों घटनाओं से गांव में दहशत और रोष का माहौल है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वाधान में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज जागरूकता शिविर आयोजित



वेलकम इंडिया

आज दिनांक 13/12/25 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वाधान में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज दिवस जो की अंबेडकर भवन संभाग ठंडी रोड पेट्रोल पंप के पास तल्लीताल नैनीताल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जहां पर विधि कानूनी सेवा अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत मुख्य अतिथि जिसमें सचिव पारुल थपलियाल, रिटेनर अधिवक्ता तारा आर्या, मनीषा आर्या, यशवंत कुमार, अंबिका, नेहा पेरा लीगल वालंटियर, मानव अधिकार से काजल चौधरी, शिल्पकार भवन के संरक्षक के ऐल आर्या, खींम राम, आशा वर्कर्स व कुछ सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित रहे। इस प्रोग्राम के तहत महिलाओं और बच्चों को अत्यधिक जागरूक करने के लिए ऊछरअ द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित कर महिलाओं, बच्चों, वृद्ध व्यक्तियों के लिए कानूनी अधिकारों पर लगातार चर्चा की गई, और इससे जुड़ने के लिए भी कानूनी रूप से एक नंबर भी जारी किया गया है, पीड़ित व्यक्ति इस नंबर 15100 पर संपर्क करके कानूनी सहायता भी प्राप्त कर सकता है, ऐसे प्रोग्राम लगातार ऊछरअ नैनीताल के तत्वाधान में समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# सिलेंडर में रिसाव होने से मकान में लगी आग बाल बाल बचे लोग

वेलकम इंडिया



**कपकोट, तनुज तिरूवा,** कपकोट तहसील के ग्राम फरसाली वल्ली के देनोधार तोक में शनिवार की सुबह लगभग करीब पौने चार बजे चंदन सिंह कोरंगा पुत्र स्व. आनंद सिंह के रसोईघर में गैस रिसने से सिलेंडर में आग लगने से घर के रसोईघर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। जिससे उन्हें काफी नुकसान हो गया। सूत्रों के मुताबिक रात्रि पहर बीतने और सुबह होने का इंतजार करते समय घर के बुजुर्ग व्यक्ति घर के समीप बने किचन में गर्म पानी पीने की चाह लेने गए। तभी उन्हें वहां आग जलते दिखी ।जिसके बाद उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया पर गैस सिलेंडर में आग पकड़ जाने के कारण आग भयावह हो गई थी ।जिसके बाद घर के लोगों ने किचन के आसपास आग फैलने से रोकने का प्रयास किया। गैस सिलेंडर में आग पकड़ने के बाद वह फट गया जिसके बाद वहां विस्फोट हो गया। वही सिलिंडर में विस्फोट होने के बाद घर की छत पर लगे टिन भी धमाके की आवाज से दूर छटक गए ।गनीमत रही कि घर के अन्य सदस्य तब किचन से दूर चले गए। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। अचानक आग लगने की सूचना से वहां खलबली मच गई। किसी तरह भागकर जान बचाई ।इस अग्निकांड में रसोई में रखी खाद्य सामग्री, बर्तन तथा अन्य सामग्री जलकर राख हो गई।

# झांसी जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**झांसी**-शनिवार को झांसी जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वादी और प्रतिवादी अपने मामलों के सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए पहुंचे। अपर जिला जज शरद कुमार चौधरी ने इस आयोजन की जानकारी देते हुए दोपहर 12:40 पर बताया कि लोक अदालत में कुल 2,75,000 मामले सूचीबद्ध किए गए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सभी लंबित मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जाएगा। न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि उनका लक्ष्य 2,50,000 मामलों का निपटारा करना था, और इस उत्साहजनक भागीदारी से उम्मीद है कि निर्धारित लक्ष्य को न केवल पूरा किया जाएगा, बल्कि उससे अधिक मामलों का समाधान कर लोगों को त्वरित न्याय दिलाया जाएगा। लोक अदालत ने दोनों पक्षों की सहमति से मामलों को निपटाने पर जोर दिया, जिससे न्यायालयों पर मुकदमों का बोझ कम हो सके।।

# मंदिर से घंटे चोरी करने वाले अंतर्राज्यदीय 05 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर थाना डिबाई पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर थाना डिबाई क्षेत्रान्तर्गत कादरी बाग कट के पास से 05 शातिर चोरो को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे/निशांदेही पर मंदिर से चोरी किये गये 96 घंटे, एक पीतल की सिल्ली,अवैध शस्त्र, कारतूस बरामद की गयी। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सगीर पुत्र मुन्ने खाँ निवासी ग्राम धुबई थाना हसायन जनपद हाथरस (हाल निवासी सन्नौट थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर नाजिम पुत्र निजामुद्दीन निवासी पिलखाना थाना अकराबाद जनपद अलीगढ दिलदार पुत्र खलील निवासी पिलखाना थाना अकराबाद जनपद अलीगढ राजू उर्फ राजुद्दीन पुत्र खेर मोहम्मद निवासी ग्राम पीतमपुर थाना छतारी जनपद बुलंदशहर अलीम मुल्ला पुत्र जमील निवासी सराय रहमान थाना बन्ना देवी अलीगढ गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी/चोर हैं जिनके द्वारा जनपद बुलंदशहर के थाना डिबाई, खुर्जा नगर, थाना छतारी थाना जहांगीराबाद, थाना सलेमपुर पहासू मंदिर के घंटे चोरी करने की घटना कारित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त अभियुक्तगण द्वारा जनपद हाथरस, जनपद अलीगढ में मंदिर से घण्टे चोरी करने की घटनाएं कारित की गयी है ।गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा दिनांक 03-08-2025 की रात्रि में थाना डिबाई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उमरारा स्थित चामुंडा मंदिर से घंटे चोरी करने की घटना कारित की गयी थी। इस सम्बन्ध में थाना डिबाई पर मुअसं-513/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हैं ।गिरफ्तार करने वाली थाना डिबाई पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि रतन सिंह एस आई विशाल प्रताप एसआई विनय कुमार एस आई मौ0 दानिश एस आई अनिल कुमार है0का0 विनोद कुमार है0कांस्टेबल विकास कुमार का0 पवन कुमार का0 अवनीश कुमार स्वाट टीम ग्रामीण में उ0नि0 सोहनवीर सोलंकी प्रभारी स्वाट टीम देहात है0का0 नेत्रपाल,है0का0 अमित है0 का0 कुल्दीप सिंह है0 का0 अरुण है0का0 इनाम है0 का0 आशू, का0 मनीष का0 आकाश, का0 अजय सोलंकी आदि रहे।

# भारत में खेलों के लिए 2025 का दृष्टिकोण: एक परिवर्तनकारी वर्ष

वर्ष 2025 भारत में खेल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण और उच्च-विकास अवधि बन रहा है, जो एक नई राष्ट्रीय नीति, महत्वपूर्ण सरकारी और कॉर्पोरेट निवेश, तथा प्रौद्योगिकी और डिजिटल जुड़ाव के बढ़ते प्रभाव से प्रेरित है। घटनाओं के एक जीवंत कैलेंडर और प्रतिभाओं को पोषित करने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के साथ, दृष्टिकोण अत्यधिक सकारात्मक है। ?? भारत में खेल के भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख रुझान भारतीय खेलों की गतिशील वृद्धि कई प्रमुख रुझानों द्वारा संचालित हो रही है: 1। सरकारी नीति और जमीनी स्तर का विकास 'खेलो भारत नीति' (राष्ट्रीय खेल नीति 2025): इस नई, व्यापक नीति की स्वीकृति एक प्रमुख उत्प्रेरक है। इसका उद्देश्य 2036 तक भारत को एक ₹वैश्विक खेल पावरहाउस₹ में बदलना है, जिसमें ₹खेलों के व्यापक आधार और उत्कृष्टता प्राप्त करने₹ पर दोहरी फोकस होगी इसमें खेल महासंघों में शासन को बेहतर बनाना और खेल को जीवनशैली के रूप में बढ़ावा देना शामिल है। बढ़ाया गया बजटीय आवंटन: 2025 के लिए केंद्रीय बजट में खेलों के लिए आवंटन में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है (जैसे, 3,794.30 करोड़ रुपये), युवा प्रतिभाओं की पहचान और पोषण करने के लिए खेलो इंडिया (युवा खेल, शीतकालीन खेल, पैरा गेम) जैसे जमीनी स्तर के कार्यक्रमों को प्राथमिकता देते हुए। बुनियादी ढांचा निवेश: सरकार और राज्य स्तर के कार्यक्रम खेल अवसंरचना में दीर्घकालिक निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं, विशेष रूप से पूर्वी भारत जैसे क्षेत्रों में, जहां दर्शक खेल बाजार में महत्वपूर्ण चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) देखने की उम्मीद है। 2। डिजिटल परिवर्तन और प्रशंसक जुड़ाव स्ट्रीमिंग और ओटीटी का प्रभुत्व: डिजिटल स्ट्रीमिंग के लिए ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफार्मों पर जाने से बाजार में विखंडन जारी है, लेकिन व्यापक पहुंच प्रदान होती है और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) जैसी लोकप्रिय लीगों की वृद्धि को बढ़ावा मिलता है। खेल प्रौद्योगिकी का उदय: खेल प्रौद्योगिकी बाजार फल-फूल रहा है, तथा उच्च सीएजीआर (उदाहरण के लिए, 2025-2030 तक 25.3%) पर बढ़ने की उम्मीद है। विकास के प्रमुख क्षेत्रों में शामिल हैं एनालिटिक्स और सांख्यिकी: प्रदर्शन वृद्धि, चोट की रोकथाम और व्यक्तिगत प्रशिक्षण के लिए डेटा विश्लेषण और एआई को अपनाना। स्मार्ट स्थल: बेहतर इवेंट प्रबंधन और प्रशंसक अनुभव के लिए अगली पीढ़ी की स्टेडियम प्रौद्योगिकियों में निवेश। ऑनलाइन सहभागिता और काल्पनिक खेल: काल्पनिक खेल और मोबाइल ऐप्स प्रशंसकों की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दे रहे हैं, जो बदले में माल और टिकट बिक्री के माध्यम से राजस्व में वृद्धि में योगदान देता है। 3। गैर-क्रिकेट खेलों और लीगों का विकास प्रोफेशनल लीग का विस्तार: जबकि क्रिकेट (आईपीएल) अपना प्रभुत्व बनाए रखता है, प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जैसी गैर-क्रिकेट पेशेवर लीग परिपक्व हो रही हैं, जिससे महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट प्रायोजन आकर्षित हो रहा है। ओलंपिक/व्यक्तिगत खेलों पर ध्यान केंद्रित करें: बढ़ाया गया बजट समर्थन और 2036 ओलंपिक की मेजबानी का उद्देश्य व्यक्तिगत खेलों को बढ़ावा दे रहा है, जिसमें एथलीटों के प्रशिक्षण, कोचिंग और सहायता प्रणालियों में अधिक निवेश किया जाएगा। महिला खेलों का उदय: महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के नेतृत्व में महिलाओं की क्रिकेट में असाधारण वृद्धि देखी जा रही है, जिसका पूर्वानुमान 2030 तक 24.78% का सीएजीआर होगा, जो सभी खेल खंडों में सबसे अधिक है। महिला एथलीट तेजी से राष्ट्रीय खोज रुझानों और डिजिटल प्रवचन का विषय बन रही हैं। 4। द स्पेक्टेटर स्पोर्ट्स मार्केट एंड मेजर इवेंट्स बाजार का आकार और राजस्व: भारतीय दर्शक खेल बाजार का मूल्य 2025 में लगभग 1.77 बिलियन डॉलर है और 2030 तक इसमें काफी वृद्धि होने की संभावना है (6.41% का सीएजीआर)। मीडिया अधिकार राजस्व का प्रमुख स्रोत बना हुआ है। इवेंट कैलेंडर: 2025 भारत में आयोजित किए जा रहे हाई-प्रोफाइल अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू कार्यक्रमों के एक पैक शेड्यूल का दावा करता है, जिसमें शामिल हैं: आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप (सितंबर-नवंबर) पुरुषों का एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप (नवंबर-दिसम्बर) विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप (सितंबर-अक्टूबर) बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप (बैडमिंटन) राष्ट्रीय खेल और खेलो भारत के आयोजनों के कई संस्करण। ? निष्कर्ष भारतीय खेलों के लिए 2025 का दृष्टिकोण गति और आधुनिकीकरण द्वारा परिभाषित है। सरकारी पहल जमीनी स्तर पर नींव को मजबूत कर रही है, कॉर्पोरेट निवेश लीगों को पेशेवर बना रहे हैं, और प्रौद्योगिकी खेल के उपभोग और खेलने के तरीके में क्रांति ला रही है। नीतिगत समर्थन, डिजिटल नवाचार और बाजार विकास का यह संयोजन भारत को न केवल क्रिकेट-प्रेमी राष्ट्र के रूप में स्थापित करता है, बल्कि एक उभरती हुई वैश्विक खेल शक्ति के रूप में भी रखता है, जिसमें खेलों की व्यापक श्रृंखला में उत्कृष्टता प्राप्त करने की स्पष्ट दिशा है।



विजय गर्ग

## संचालन पर कोहरे-ब्लॉक का असर, 12 ट्रेनें रहीं प्रभावित

**सहारनपुर।** कोहरे और ब्लॉक का असर ट्रेनों के संचालन पर देखने को मिला। शनिवार को आठ ट्रेनें लेट और चार निरस्त रही। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।रेलवे ने कोहरे को देखते हुए 16 ट्रेनों को अलग-अलग तारीखों में निरस्त कर दिया है। अलग-अलग रेल मंडलों में ब्लॉक की वजह से भी ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा है।शनिवार को ट्रेन नंबर 19271 भावनगर-हरिद्वार एक्सप्रेस 8:24 घंटे, 04653 न्यूजलपाईगुड़ी-अमृतसर क्लोम सुपरफास्ट 8:40 घंटे और 19272 हरिद्वार-भावनगर एक्सप्रेस आठ घंटे की देरी से पहुंची। 14649 जयनगर-अमृतसर सरयू यमुना 4:17 घंटे, 15135 छपरा-अमृतसर साप्ताहिक एक्सप्रेस 3:16 घंटे, 14241 प्रयागराज-सहारनपुर नौचंदी 2:18 घंटे, 15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस दो घंटे व 12231 लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस एक घंटे लेट आई। 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा, 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जनसेवा, 14616 अमृतसर-लालकुआं साप्ताहिक एक्सप्रेस और 64513 सहारनपुर-नंगलडैम मेमू निरस्त रही।

# जनपद गाजियाबाद में विश्व मानवाधिकार दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया अनिल कुमार

**गाजियाबाद।** मानव अधिकार मिशन गाजियाबाद जनपद ने विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर लायंस आई हॉस्पिटल के सहयोग से सी एस एच पी मेमोरियल स्कूल में बच्चों के लिए निशुल्क आई स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया जिस में 460 बच्चों की जांच में 45 बच्चों की आंखों में कमी पाई गई जिसके लिए शिक्षकों के माध्यम से अभिभावकों को नेत्र चिकित्सा के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अधिवक्ता परिषद यू0पी0 व उत्तराखंड के प्रभारी विपिन त्यागी एडवोकेट ने बच्चों को रोचक वक्तव्य से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में ब्रह्मदेव त्यागी एडवोकेट अध्यक्ष बार एसोसिएशन गाजियाबाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मिशन के जिलाध्यक्ष व पश्चिमी प्रदेश प्रभारी नेपाल सिंह शिशौदिया एडवोकेट ने अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत किया। कार्यक्रम में के0 पी0 सिंह एडवोकेट राष्ट्रीय विधि सलाहकार, राष्ट्रवर्धन अरोरा एडवोकेट जिला विधि सचिव, सुभाष सिंह शिशौदिया एडवोकेट जिला विधि सचिव, सुबोध शर्मा जिला संगठन सचिव, गीता नागर उपाध्यक्ष महिला विंग, मुकेश तायल जिला सचिव प्रशासन, सुनील राजपूत सहित कार्यक्रम के प्रबंधन में शिक्षिकाओं में श्रीमती वंदना मैडम एवं श्रीमती रेणुका मैडम का विशेष सहयोग रहा।





# शिक्षकों के लिए इफेक्टिव एंड इन्नोवेटिव टीचिंग इन क्लासरूम पर उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए इफेक्टिव एंड इन्नोवेटिव टीचिंग इन क्लासरूम पर एक अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की प्रशिक्षक रहीं मीनू भार्गव जो कि एक अनुभवी काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट एवं फ्रीलांस ट्रेनर हैं। सत्र के दौरान मीनू भार्गव ने कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावशाली एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए अनेक व्यावहारिक एवं नवाचारी उपाय साझा किए। शिक्षकों ने इस सत्र से बहुत कुछ सीखने का अनुभव किया और इसे अपने शिक्षण कार्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने मीनू भार्गव का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित किया कि वे सत्र में दिए गए सुझावों एवं तकनीकों को अपनी कक्षा शिक्षण प्रक्रिया में अवश्य अपनाएँ। यह सत्र शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ और विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

# वी.एस.एम. एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** वी.एस.एम. एकेडमी में एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक राजेंद्र सिंह ने रिबन खोलकर किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अशोक चौधरी, मैनेजिंग डायरेक्टर हिमांशु चौधरी, और विद्यालय के कोऑर्डिनेटर रोविन त्यागी मौजूद रहे। साथ ही अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने 60 से अधिक विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। जिनमें जल संरक्षण, जल प्रबंधन, कार्बन अवशोषक, पानी डिस्पेंसर, एसिड रेन, हाइड्रोलिक मॉडल और अन्य अनेक रचनात्मक परियोजनाएँ शामिल रही अभिभावकों ने इन सभी परियोजनाओं की खूब सराहना की और बच्चों के द्वारा की गई व्याख्या की भी प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकगण ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना यथासंभव योगदान दिया। इस विज्ञान प्रदर्शनी ने न सिर्फ विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि सभी को एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव भी प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस तरह की प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देती है।

इस विज्ञान प्रदर्शनी ने विद्यालय परिसर में ज्ञान और नवाचार का एक बेहतरीन माहौल उत्पन्न किया।

# सनातन धर्म एवम संस्कृति रक्षा परिषद में अनुराग कृष्ण प्रभु जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनित किया गया

**वेलकम इंडिया**



**राजीव चौधरी।** परिषद का गठन सनातन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए सनातन धर्म के प्रचार, प्रसार और हिन्दूओं को जागरूक और सामाजिक एवं धार्मिक कार्य हेतु एवम सनातन संस्कृति के रक्षार्थ किया गया है । अनुराग कृष्ण प्रभु जी ने कहा कि अब समय ऐसा आ गया है की सनातन संस्कृति के रक्षार्थ सभी सनातनियो को एक जुट होना पड़ेगा। उन्होंने इस हेतु युवाओं का आवाहन किया और कहा कि सनातन धर्म के रक्षार्थ युवाओं को आगे आना पड़ेगा जिससे भविष्य में सनातन धर्म विलुप्त ना हो उन्होंने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष में हिंदू राष्ट्र हेतु एक अलख जगा चुकी है उसी के मद्देनजर सनातन धर्म एवं संस्कृति रक्षा परिषद का गठन किया गया है अति शीघ्र संपूर्ण भारतवर्ष में इसका होगा ।हिंदू राष्ट्र बनाए जाने हेतु प्रभु जी में श्रीमद्भागवत कथा का संकल्प लिया है जिसमें द्वितीय श्री मद भागवत कथा ज्वालापुर हरिद्वार में जनवरी में होगी इस अवसर पर महेश भट्ट, कमल कांत कश्यप , ललित चौहान ,दीपक कुमार, अनिल कपूर,रोहिणी ,सीता देवी , पुष्पा , प्रिया पौडवाल आदि भक्त गण शामिल रहे।

# जल ही जीवन योजना से बिछाई पाइप लाइन से सड़क पर भरा पानी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** नगर में जल ही जीवन योजना के अंतर्गत जल निगम मुरादाबाद द्वारा नगर के चारों ओर गली मौहल्लों में बनी नयी पुरानी सड़कों की तोड़फोड़ करके पानी को लोगों के घरों तक पहुंचाने के लिए पाइप लाइनों का जाल तो बिछा दिया है। लेकिन जब जल निगम द्वारा रात व दिन में पानी की सप्लाई चालू की जाती है तो। नगर के कई मौहल्लों की सड़कों व मेन बाजार में आपको जगह-जगह पानी चलता हुआ दिखाई दिया जा सकता है। नगर के मेन बाजार मंडी मौलगंज स्थिति मन्दिर के पास रात व दिन में चलने वाली जल निगम की पानी की सप्लाई का पानी बरसात की तरह सड़क पर चलने से सड़क से गुजरने वाले राहगीरों व आसपास के दुकानदारों को बड़ी परेशानियों का



सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है इस सम्बन्ध में मन्दिर के आसपास के दुकानदारो कई बार पालिका के सम्बन्धित अधिकारियों व जल निगम के ठेकेदारो व जेई को बता चुके हैं। लेकिन आज उक्त पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। मंडी मौलगंज के दुकानदारों व नगर वासियों ने इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी बिजनौर की ओर ध्यान दिलाकर सड़क पर चलने वाले पानी से निजात दिलाने की गुहार

# विकसित कपकोट-समृद्ध कपकोटर के तहत कपकोट में बनेगा भव्य राम मंदिर



**वेलकम इंडिया**

**कपकोट,** गोविन्द मेहता,जिला योजना के अन्तर्गत कपकोट विधानसभा में 30 लाख की लागत से कपकोट में स्थित श्री राम मंदिर के विकास हेतु निर्माण कार्य शुरू होगा ।स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया की पहल से मन्दिर के सौंदर्यीकरण और स्थलीय विकास हेतु सभी भक्तों को भव्य राम मंदिर बनाने में सहयोग देने का वायदा किया था ।जिसके बाद विधायक सुरेश गढ़िया ने शनिवार को स्थल विकास का विधिवत शिलान्यास किया। विधायक गढ़िया ने भूमि पूजन कर पूजा अर्चना कर मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया ।साथ ही कहा कि हिन्दू सनातन धर्म मे हम सभी के आदर्श प्रभु श्रीराम जी का भव्य मंदिर बनाने हेतु अपने स्तर से मंदिर कमेटी को भरपूर सहयोग दिया जाएगा ।इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा ज़िलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया जी, नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी,ब्लॉक प्रमुख भावना शाही,वरिष्ठ भाजपा नेता श्री सुरेश कांडपाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र राठौर , मंडल अध्यक्ष कपकोट प्रकाश जोशी, जिला मंत्री ओम प्रकाश ऐठानी, सभासद गजेंद्र कपकोटी, प्रकाश मेहता, अधिशासी अभियंता अमित पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कृषि उत्पादन मंडी समिति में साइबर क्राइम पर गोष्ठी आयोजित



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद सीओ ने व्यापारियों को दी साइबर ठगी से बचाव की जानकारी, सहयोग की अपील नजीबाबाद नगर में कोटद्वार रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में साइबर क्राइम को लेकर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नीतीश कुमार प्रताप सिंह ने उपस्थित व्यापारियों को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल और लिंक के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचने के उपाय विस्तार से बताए। सीओ ने कहा कि नजीबाबाद क्षेत्र में साइबर अपराध के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है, ऐसे में व्यापारियों और आम नागरिकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने संदिग्ध कॉल, ओटीपी साझा न करने और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी ।गोष्ठी के दौरान व्यापारियों ने मंडी परिसर और उसके आसपास रास्तों पर खड़ी अवैध गाड़ियों को हटवाने की मांग भी उठाई, जिससे आवागमन में हो रही परेशानी से अवगत कराया गया। सीओ ने व्यापारियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# एमआईपीएल की छह टीमों में चौके-छक्के लगाएंगे उद्यमी

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में होने वाली मुजफ्फरनगर इंडस्ट्रीयल प्रीमियर लीग (एमआईपीएल) टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रविवार को ऑक्शन नाइट का आयोजन किया जाएगा है। बोली लगाकर 72 क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन होगा। इसके बाद प्रतियोगिता के लिए छह टीमों का गठन होगा। चयनित खिलाड़ी अहलावत क्रिकेट अकादमी खतौली में खेल के जौहर दिखाने का मौका मिलेगा। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री से जुड़े उद्यमियों की ओर से मुजफ्फरनगर इंडस्ट्रियल प्रीमियर लीग–2 का आयोजन फरवरी में होगा। खिलाड़ियों का चयन नीलामी प्रक्रिया से किया जाएगा। ऑक्शन कार्यक्रम रविवार को मेरठ रोड स्थित होटल में रखा गया है। इसमें फेडरेशन से जुड़े सदस्य खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। ऑक्शन में आईसीसी नीलामीकर्ता सुदेश बहल पहुंचेगे। बताया कि किसी भी खिलाड़ी की पहली बोली तीन लाख रुपये से शुरू होगी।

# ट्रेडिंग एप के नाम पर 6.54 लाख रुपये की साइबर ठगी

**वेलकम इंडिया**

**इस दौरान अलग-अलग बैंक खातों से रकम ट्रांसफर कराई गई।**

**सहारनपुर।** ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 6.54 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने अलग-अलग बैंक खातों से रकम उड़ाई है।

साइबर क्राइम पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नकुड़ के गांव नयागांव निवासी अंजुल कुमार ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर देकर बताया कि फिनवेव सिक्योरिटी प्रो नामक एप के माध्यम से निवेश कराने का झांसा दिया गया। इस दौरान अलग-अलग बैंक खातों से रकम ट्रांसफर कराई गई। एक्सिस बैंक खाते से 5.54 लाख रुपये, अन्य खाते से 50 हजार रुपये और एसबीआई बैंक खाते से 50 हजार रुपये की ठगी की गई। मामले की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई। साइबर क्राइम पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर संबंधित खातों और लेनदेन की जांच शुरू कर दी है।

# सूत्रों के अनुसार मंडी समिति भगवानपुर को मिल सकता है युवा चेहरा, अंकित त्यागी का नाम चर्चा में

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**

**भगवानपुर।** भगवानपुर क्षेत्रीय राजनीति और सामाजिक हलकों में इन दिनों युवा पत्रकार व समाजसेवी अंकित त्यागी को लेकर चचाएं तेज हैं। सूत्रों के अनुसार धामी सरकार द्वारा मंडी समिति भगवानपुर सहित कुछ अन्य नामित पदों को लेकर आंतरिक स्तर पर विचार-विमर्श चल रहा है, जिसमें अंकित त्यागी जैसे जमीनी और सक्रिय चेहरों के नाम सामने आ रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के पुराने कार्यकर्ता रहे अंकित त्यागी लंबे समय से संगठन, समाज और जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय हैं। बेहडेकी सैदाबाद क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ मानी



जाती है। हाल ही में क्षेत्र पंचायत चुनाव में उनकी धर्मपत्नी को मिली बड़ी जीत को भी उनकी सामाजिक स्वीकार्यता से जोड़कर देखा जा रहा है। अंकित त्यागी त्यागी समाज से आते हैं और समाज का उन्हें मजबूत समर्थन प्राप्त है। खास बात यह है कि उनके साथ बड़ी संख्या में युवा भी जुड़े हुए हैं, जो उन्हें निडर, साफ-सुथरी छवि वाले और विकास पुरुष के रूप में देखते हैं। पत्रकारिता के माध्यम से उन्होंने लगातार जनता की आवाज उठाई है और जनसमस्याओं को प्रमुखता से सामने रखा है। सूत्रों का कहना है कि धामी सरकार की प्राथमिकता ऐसे ऊर्जावान और जमीनी लोगों को आगे लाने की है, जो युवाओं का प्रतिनिधित्व कर सकें और सरकार की नीतियों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतार सकें। इसी नीति के तहत मंडी समिति भगवानपुर जैसे महत्वपूर्ण नामित पद को लेकर अंकित त्यागी का नाम चर्चा में रहना स्वाभाविक माना जा रहा है ।भगवा और सनातन विचारधारा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अंकित त्यागी सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं, जिससे उनकी पहचान एक सक्रिय और जिम्मेदार समाजसेवी के रूप में बनी है। हालांकि, सरकार की ओर से अभी तक न तो नामित पदों की प्रक्रिया को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी दी गई है और न ही यह स्पष्ट किया गया है कि यह प्रक्रिया कब तक पूरी होगी। ऐसे में फिलहाल इसे राजनीतिक और सामाजिक चचाओं के रूप में ही देखा जा रहा है। क्षेत्र में इसको लेकर लोगों की नजरें आने वाले समय पर टिकी हुई हैं।

# थानाध्यक्ष ने समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना मौके पर ही किया निस्तारण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**अफजलगढ़।** थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान पांच शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से तीन शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा पांच शिकायतें आयी तीन शिकायत



का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। वही कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के आलावा एसएसआई श्रीपाल सिंह, कासमपुरगढ़ी ?? चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार, उपनिरीक्षक हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक शिवम तायल,पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,मेम्बर कलवा कुरैशी,पूर्व प्रधान रामनाथ चौहान सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार,कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल प्रमोद कुमार, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान,जितेन्द्र प्रताप सिंह,गौरव चौहान,ऋषिपाल सिंह,नागेन्द्र सिंह,राकेश कुमार,संजीव कुमार,जितेन्द्र कुमार,फूल सिंह, लेखपाल तेजपाल सिंह तथा लेखपाल सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

# डीएम एवं एसएसपी द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना गुलावठी परिसर में सुनी गयी जनसमस्याएं




**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर शासन के निदेर्शानुसार फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना गुलावठी में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग करते हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं वास्तविक त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद भास्कर कुमार मिश्रा एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी सहित सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी की अध्यक्षता में तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य समापन अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार सांगवान , सांसद (लोकसभा, बागपत) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. मंजू शिवाच, विधायिका, मोदीनगर सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन, गुब्बारा उड़ान, मार्च पास्ट एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।







इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ₹चार युगों की यात्रा-अतीत से वर्तमान तक₹ कार्यक्रम में सतयुग से कलयुग तक मानवीय मूल्यों एवं सामाजिक परिवर्तनों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों की प्रतिभा, खेल भावना, आत्मविश्वास एवं अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर रामायण ज्ञान प्रतियोगिता व विभिन्न खेलों में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से गौरव माहेश्वरी एवं एजुकेशनल डायरेक्टर श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे आयोजनों को अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने अपने संबोधन में मेहनत, लक्ष्य-निष्ठा एवं खेल संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

समारोह में नरेंद्र माहेश्वरी, कुमोद माहेश्वरी, अंकुर माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी, संजीव माहेश्वरी, अजय माहेश्वरी, श्रीमती पुष्पा माहेश्वरी, किशोर माहेश्वरी, अनुपम माहेश्वरी, शिखा माहेश्वरी ज्योति माहेश्वरी अमितेज जैन, अमित चौधरी, आकाश शर्मा, आशीष कश्यप, रामभरोसे मौर्य, सतेन्द्र तोमर आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति इस खेल समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र बालियान, देवेंद्र चौधरी, श्रीमती अंजू शर्मा, अतुल, श्रीमती सीमा, अमित तोमर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## ब्रिज विहार में गूंजा 'जय श्रीराम, कलश यात्रा के साथ श्री रामकथा का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** श्री सत्यानारायण मंदिर, ब्रिज विहार में शनिवार को आस्था, श्रद्धा और भक्ति के महासागर के बीच भव्य श्री रामकथा का शुभारंभ हुआ। श्री सत्यानारायण मंदिर ट्रस्ट (रजि.) परिवार की ओर से आयोजित इस धार्मिक आयोजन की शुरूआत प्रातः भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ की गई, जिसने पूरे क्षेत्र को राममय वातावरण से सराबोर कर दिया। सुबह 9 बजे मंदिर प्रांगण से निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए और सिर पर कलश धारण कर जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष के साथ नगर भ्रमण किया। कलश शोभा यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और राम नाम के जयकारों से पूरा ब्रिज विहार क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। यात्रा में पार्षद विनय चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता की, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। शोभा यात्रा के समापन के बाद विधिवत पूजन-अर्चन के साथ श्री रामकथा का प्रथम दिवस प्रारंभ हुआ।

# शिक्षा स्कूल में 11वाँ वार्षिक खेल महोत्सव सम्पन्न हुआ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल, निवाड़ी में 11वाँ वार्षिक खेल महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ आयोजित किया गया ।। जो 10 दिसंबर से आरंभ होकर 13 दिसंबर 2025 को संपन्न हुआ। वरिष्ठ भाजपा नेता और स्कूल के चेयरमैन नीरज त्यागी ने बेस्ट एथलीट 2024 को मशाल सौंपकर और सभी खिलाडियों को शपथ दिलाकर खेल महोत्सव की विधिवत शुरूआत की और अपने उदभोदन में सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों का जीवन में महत्व, टीमवर्क, और स्पोर्ट्समेन स्पिरिट का महत्व बतायो अग्नि, जल, धरा और वायु हॉउस के खिलाड़ियों की मार्च पास्ट और सैलूट ने सभी को ऊर्जा से भर दियो विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और विनर खिलाडियों को नीरज त्यागी ने मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कियो जूनियर विंग बेस्ट एथलीट विराट व कृतिका रहे, सीनियर विंग बेस्ट एथलीट वंश व रिद्धिमा रहे इस अवसर पर अध्यक्षा बिंदु त्यागी, प्रधानाचार्या अनुभूति सिंह, कोर्डिनेटर डिंपल नायर और सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

# कूड़ा लेकर जा रहे ट्रकों से सड़क पर गिर रहे कूड़े से हो रही है सड़क दुर्घटना

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड से रिसाइक्लिंग के नाम पर चल रहे कूड़ा लदे ट्रकों की लापरवाही ने अबूपुर के पास सड़क को मौत का रास्ता बना दिया। एक ट्रक से अचानक भारी मात्रा में कचरा सड़क पर गिरने से कई वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ईश्वर चंद्र ने बताया कि स्थानीय नागरिकों का सीधा आरोप है कि नगर निगम गाजियाबाद, कूड़ा ढुलाई का ठेका संभालने वाली निजी एजेंसी तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारी इस गंभीर समस्या से लगातार आंखें मूंदे हुए हैं। रोजाना दो दर्जन से अधिक कूड़ा लदे ट्रक बिना ढंके और ओवरलोड होकर मेरठ, शामली और मुजफ्फरनगर की पेपर मिलों की ओर भेजे जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। सड़क दुर्घटनाओं की सूचना मिलते ही निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र मौके पर पहुंचे। ग्रामवासियों की सूचना पर जिला पंचायत प्रत्याशी कुणाल चौधरी भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।मौके पर पहुंची पुलिस टीम के पुलिस कर्मी नरेंद्र सहित अन्य जवानों ने सिर्फ निर्देश नहीं दिए, बल्कि स्वयं सड़क पर उतरकर हाथ-पैर और जरूरी औजारों की मदद से कूड़े के ढेर को हटाने में सक्रिय भूमिका निभाई।कुणाल चौधरी एवं ईश्वर चंद्र द्वारा तत्काल ट्रैक्टर मंगवाया गया, जिसके बाद पुलिस, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों के सामूहिक प्रयास से रात लगभग 11:00 बजे तक सड़क की पूरी तरह सफाई कर यातायात बहाल किया गया।



# आइफा में 25 वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर( आईफा ) में 25 वीं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायिका डॉ. मंजू शिवाच एवं भोजपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह एवं भाजपा नेता प्रदीप बॉस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थान के मैनेजर डॉ.संघर्ष शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया और उन्होंने बताया यह कला प्रदर्शनी 13 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर 2025 तक चलेगी और कोई भी कला प्रेमी, विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक इस प्रदर्शनी को निशुल्क देख सकते हैं। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगण ने सभी विभागों में जाकर वहां प्रदर्शित अत्यंत आकर्षक कलाकृतियों को बारीकी से देखा और छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित कलाकृतियों की भूर-भूर प्रशंसा की।




मुख्य अतिथि डॉ मंजू शिवाच ने कला प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात बताया विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां ,उनकी रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति एवं मेहनत का जीवंत उदाहरण है। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए संस्थान के अनेक पूर्व छात्र-छात्राएं भी आए। स्थानीय स्कूलों में मुरादनगर पब्लिक स्कूल, टीआरएम पी.वी.एस कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर, एस.जी पब्लिक स्कूल वसुंधरा के सैकड़ो छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, कला प्रेमी, अभिभावक भीड़ लगी थी। इस प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, अवनी , डॉ. रूचि विद्यार्थी, प्रीति शर्मा, दीपांशु, प्रशांत झा, अंजलि, शीतल रानी, स्वीटी, पलक आयत्रे, आभा शर्मा, आदि का भरपूर सहयोग मिला।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 14 दिसंबर को

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 14 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है यह जानकारी देते हुए महासभा के जिला अध्यक्ष दयाशंकर सक्सेना में बताया कि 14 दिसम्बर 2025 दिन रविवार शाम 3.30 बजे, स्थान - अजनारा इन्टीग्रिटी क्लब हाउस, राजनगर ऐक्सटेंशन, गाजियाबाद पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकप्रिय भाजपा नेता शिव बहादुर सक्सेना, पूर्व मन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार होंगे।विशिष्ट अतिथियों के रुप में आनन्द कुमार जौहरी, सेवानिवृत्त गन्ना आयुक्त एवं प्रदेश अध्यक्ष अ. भा. क. म. उत्तर प्रदेश पश्चि ,राकेश श्रीवास्तव, निशान मोटर्स के मेंनेजिंग डायरेक्टर, रिटायर्ड



लेफ्टिनेंट कर्नल श्री हर्ष वर्धन , उपाध्यक्ष सार्वजनिक नीति वि वो इन्डिया एवं श्री रजनीश रंजन सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष अ.भा.क.म दिल्ली होंगें इस कार्यक्रम में गाजियाबाद जनपद के चित्रांश समाज के हित में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम, उपलब्धि प्राप्त चित्रांश को सम्मान, मेधावी छात्र - छात्राओं को सम्मानित करना एवं सभा की क्षमता के हिसाब से कुछ गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास रहेगा।

# किसान एवं मजदूर नेता स्व . चौधरी महिपाल सिंह को दी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** किसान मजदूरों के नेता स्वर्गीय चौधरी महिपाल सिंह की 21वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव बुदाना में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र सिंह पूर्व प्रधान बुदाना ने की तथा संचालन राम भरोसे लाल मौर्या द्वारा किया गया। उपस्थित सभी वक्ताओं ने स्वर्गीय चौधरी महिपाल के किए हुए कार्यों एवं संघर्षों की चर्चा की।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य तौर पर वीरपाल मलिक निजी सचिव जयंत चौधरी, अमरजीत सिंह बिड्डी, रणवीर सिंह दहिया, सत्येंद्र तोमर, बिट्टू खंजरपुर, राजन चौधरी, पुनीत चौधरी, देवेंद्र चौधरी, योगेंद्र पतला, अमरपाल सरना, कुशल वीर सिंह, आलोक चौधरी, जगबीर नेहरा, सुरेंद्र पाल सिंह, विजयपाल शर्मा, विनोद चौधरी, सुरेंद्र त्यागी, ओमवीर, राम अवतार त्यागी, विपिन सोंधा, कृष्ण पाल पूर्व प्रधान, आसाराम, वेदपाल सिंह, नेहरू सिंह, सुंदर पाल, नरेंद्र सिंह, जानी चौधरी, मयंक शर्मा, दीपक नेहरा, अरुण कुमार, मनोज चौधरी, राहुल कुमार, नवीन सेहरावत, उनकी पत्नी ऊषा चौधरी, तरुण दहिया, अरुण दहिया आदि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव कुमार चौधरी द्वारा मिशन शक्ति केंद्रों के साथ की अहम गोष्ठी का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महिला सुरक्षा और महिला संबंधी अपराधों की प्रभावी रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) केशव कुमार चौधरी द्वारा शनिवार को एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी थाना मोदीनगर, खोडा, निवाड़ी, कौशम्बी, टीला मोड़ एवं शीलामार गार्डन के मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारियों के साथ संपन्न हुई, जिसमें महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर गंभीर और विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



गोष्ठी के दौरान केशव कुमार चौधरी की कार्यशैली पूरी तरह से एक सक्रिय, अनुशासित और जमीनी स्तर पर केंद्रित अधिकारी के रूप में सामने आई। उन्होंने न केवल महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सैद्धांतिक चर्चा की, बल्कि मिशन शक्ति केंद्रों के रजिस्टर, दस्तावेज और अन्य अभिलेखों की स्वयं बारीकी से जांच कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया।

उनकी यह कार्यप्रणाली स्पष्ट रूप से यह दशार्ती है कि वे केवल निर्देश देने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि अमल की स्थिति को भी गंभीरता से परखते हैं। उन्होंने प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि महिला सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए मिशन शक्ति केंद्रों पर नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं अपने अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित संसाधनों से अवगत हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रिपोर्टिंग, संवेदनशील मामलों में तत्काल कार्रवाई और पीड़ित महिलाओं के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

श्री चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि मिशन शक्ति केंद्र केवल औपचारिक व्यवस्था न होकर महिलाओं के लिए भरोसेमंद सहायता केंद्र बनने चाहिए। उनकी कार्यशैली में प्रशासनिक सख्ती के साथ मानवीय संवेदना का संतुलन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जिससे अधिकारियों में जिम्मेदारी और जवाबदेही की भावना और अधिक मजबूत हुई।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में एलुमनी लेक्चर, पूर्व छात्रा डॉ. रवीना दुहान ने छात्रों को दिए सफल करियर के मंत्र

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में बीडीएस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रेरणा, दिशा और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को एक विशेष एलुमनी लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की पूर्व छात्रा एवं दंत चिकित्सा क्षेत्र की अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. रवीना दुहान ने "कनेक्ट केयर कंटीन्यू विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस एलुमनी लेक्चर में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। डॉ. रवीना दुहान ने अपनी बीडीएस की शिक्षा आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर से पूर्ण की है। उन्हें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 18 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है। वर्तमान में वे डेंटोएमिगो में होमियो अमीगो डायरेक्टर के अंतर्गत प्रधान चिकित्सा सलाहकार एवं प्रमुख मानव संसाधन के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इससे पूर्व उन्होंने क्लोव डेंटल में तीन वर्षों तक क्लीनिकल रिक्रूटमेंट विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया है। इसके साथ ही वे पिछले आठ वर्षों से अपनी सफल क्लीनिकल प्रैक्टिस भी संचालित कर रही हैं। अपने व्याख्यान के दौरान डॉ. रवीना ने विद्यार्थियों के साथ अपने लंबे और समृद्ध करियर से जुड़े अनेक व्यावहारिक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि दंत चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि सशक्त प्रोफेशनल कनेक्टिविटी, करुणापूर्ण सेवा भाव और कौशलों का निरंतर विकास अत्यंत आवश्यक है।





# अंडर-19 शतरंज प्रतियोगिता में डीपीएसजी की टीम विजेता

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 64 खानों वाले प्राचीन और बौद्धिक खेल शतरंज में नई ऊर्जा, रणनीति और युवा प्रतिभा का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब डीपीएसजी मेरठ रोड में चेयरमैन कप अंडर-19 शतरंज प्रतियोगिता 2025 (लड़के एवं लड़कियाँ) का भव्य आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के रोमांचक और कड़े मुकाबलों ने यह साबित कर दिया कि गाजियाबाद अब शतरंज की उभरती प्रतिभाओं का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है। प्रतियोगिता के पाँचवें संस्करण में कुल छह टीमों और 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें डीपीएसजी मेरठ रोड, डीपीएसजी वसुंधरा, डीपीएसजी फरीदाबाद, डीपीएसजी पालम विहार, सेलकुई इंटरनेशनल स्कूल देहरादून और डीपीएसजी सुषांत लोक की टीमों ने शिरकत की। सभी टीमों ने बेहतरीन तालमेल, गहरी रणनीति और खेल भावना के साथ मुकाबले खेले, जिससे दर्शकों को हर मैच में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। पूरे टूर्नामेंट में डीपीएसजी मेरठ रोड की टीम का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा।



उत्कृष्ट सामूहिक रणनीति और अनुशासित खेल के दम पर टीम ने विजेता खिताब अपने नाम किया। हालांकि, प्रतियोगिता का सबसे बड़ा आकर्षण डीपीएसजी मेरठ रोड के कक्षा 9वीं के छात्र अक्षित शर्मा रहे, जिन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी मुकाबले जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया।

अक्षित शर्मा ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया। उनकी आधिकारिक वर्तमान रेटिंग 1543 है, लेकिन इस प्रतियोगिता में उनका प्रदर्शन लगभग 2200 रेटिंग स्तर का आंका गया, जो उनकी असाधारण प्रतिभा और गहरी शतरंज समझ को दर्शाता है।

अक्षित का एफआईडीई रेटिंग आईडी 531002340 है। केवल तीन अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंचकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि उम्र भले ही छोटी हो, लेकिन अनुभव, रणनीति और आत्मविश्वास के मामले में वे बड़े खिलाडि ?ों को भी कड़ी चुनौती दे सकते हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत

# जिला जज विनोद सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आमजन को त्वरित, सस्ता और सरल न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल विवाद, बिजली बिल से जुड़े मामले, बैंक प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा याचिकाएं, पारिवारिक विवाद, ट्रैफिक चालान एवं कंपाउंडेबल आपराधिक मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू की गई। इस अवसर पर जिला जज विनोद सिंह रावत ने कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में





बड़ी संख्या में मामलों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनका निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य अदालतों में लंबित मामलों का शीघ्र समाधान कर आम लोगों को राहत प्रदान करना है। एक ही दिन में बड़ी संख्या में मामलों की सुनवाई से जहां वादकारियों का समय और धन बचता है, वहीं न्यायालयों पर बढ़ते मुकदमों का बोझ भी कम होता है। जिला जज ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान समाज में सकारात्मक संदेश देता है और न्यायिक प्रक्रिया के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत होता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आपसी सहमति से अपने मामलों का निस्तारण कराएं। इस दौरान जिला जज विनोद सिंह रावत एवं नोडल अधिकारी श्री गौरव शर्मा ने विभिन्न अदालतों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक अदालत में उपस्थित नागरिकों और सरकारी विभागों के कर्मचारियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मामलों के निस्तारण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।








## विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) आयोजित हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्री सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम (र.क.फ.) - 2026 के संशोधित कार्यक्रम के तहत गणना अवधि में निर्वाचकों से भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 14.12.2025 (रविवार) को विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक विधानसभा के समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर गणना प्रपत्र प्राप्त करेंगे। उक्त के



साथ ही बी.एल.ओ. द्वारा तैयार की गयी अनुपस्थित मतदाताओं की सूची भी मतदेय स्थलों पर चस्पा करेंगे। यदि किसी वैध मतदाता का नाम अनुपस्थित सूची में अंकित है तो कृपया अपने मतदेय स्थल के बी.एल.ओ. से सम्पर्क कर अपना गणना प्रपत्र प्राप्त कर लें तथा भरकर बी.एल.ओ. को अवश्य प्राप्त करा दें तथा पावती ले लें. उक्त कार्य में लापरवाही न करें।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मेरठ मंडल की प्रगति की सख्त समीक्षा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मेरठ मंडल में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ शनिवार को एक विस्तृत और तथ्यात्मक समीक्षा बैठक की। बैठक में नवंबर 2025 तक की अद्यतन स्थिति पर आधारित विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसमें जनपदवार आवेदन, स्वीकृति, वितरण और व्यय से जुड़े आंकड़ों को स्पष्ट रूप से रखा गया। मंत्री ने योजनाओं की प्रगति को आंकड़ों की कसौटी पर परखते हुए अधिकारियों से जवाबदेही के साथ कार्य करने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान मोटर चालित उपकरण योजना की प्रगति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मेरठ मंडल के सात जनपदों से कुल 55,341 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2,857 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना के अंतर्गत कुल 57,771 हजार रुपये के



व्यय की जानकारी दी गई। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने लंबित आवेदनों पर असंतोष जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शेष प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और पात्रता की जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कृषि यंत्र एवं सहायक उपकरण योजना की समीक्षा करते हुए ट्रैक्टर चालित एवं हस्तचालित उपकरणों के लिए जनपदवार लक्ष्य और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस योजना के अंतर्गत सैकड़ों किसानों और श्रमिकों को अनुदान का लाभ मिला है, जबकि कुल व्यय की राशि करोड़ों रुपये में दर्ज की गई। मंत्री ने कहा कि यह योजना किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ श्रमिकों के श्रम को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दुकान निर्माण एवं संचालन योजना पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इस योजना के माध्यम से अनुसूचित वर्ग के पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार से जोडने का प्रयास किया जा रहा है। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार इस योजना में 109 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें 44 प्रकरण पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 128 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में स्वीकृत एवं वितरित धनराशि का भी विस्तृत विवरण रखा गया, जिससे योजना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हुई।

## विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, मचा हड़कंप

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की सर्वोदयनगर कॉलोनी में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 23 वर्षीय विवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। मृतका की पहचान नेहा पत्नी गौरव के रूप में हुई है, जो मूल रूप से लुहारी देहराकुटी, बहादुरगढ़, हापुड़ की रहने वाली बताई गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना प्राप्त होते ही थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की प्रभारी निरीक्षक सरिता सिंह फील्ड यूनिट के साथ तत्काल मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों की उपस्थिति में कमरे का दरवाजा तोड़ा और नेहा के शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। मौके पर फॉरेंसिक टीम द्वारा भी साक्ष्य संकलन किया गया।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कानून व्यवस्था से लेकर ठंड से बचाव तक अफसरों को दिए निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कड़ाके की ठंड के बीच शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विजयनगर स्थित जल निगम गेस्ट हाउस में शनिवार को पुलिस, परिवहन विभाग और जीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

बैठक में कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सड़क हादसों की रोकथाम और जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में



पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल, परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक भी की और संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतों पर त्वरित और ठोस कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंत्री ने दो टूक कहा कि प्रशासन का पहला दायित्व जनता को राहत और सुविधा देना है। बढ़ती ठंड को देखते हुए मंत्री ने रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्थाओं को लेकर विशेष चिंता जताई।

उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के सभी रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को एक से दो दिन के भीतर पूरी तरह दुरुस्त किया जाए और जिन स्थानों पर हर वर्ष अलाव जलाए जाते हैं, वहां तत्काल प्रभाव से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि ठंड के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति असुविधा का शिकार न हो। कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस कमिश्नर के साथ विस्तृत चर्चा की।

## फर्जी प्लेसमेंट कंपनी का भंडाफोड

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मेट्रो स्टेशन, एयरपोर्ट और नामी निजी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार युवक-युवतियों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का सिहानीगेट पुलिस ने पदार्फाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

फर्जी प्लेसमेंट कंपनी के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले इस गिरोह के खिलाफ पुलिस की यह कार्रवाई पीड़ितों के लिए बड़ी राहत के रूप में सामने आई है। शुक्रवार को थाना सिहानी गेट पर आशीष ठाकुर पुत्र कुशलपाल सिंह राघव, निवासी मालीबाड़ा सहित अन्य



पीड़ितों द्वारा लिखित तहरीर दी गई थी। तहरीर में बताया गया कि आरएस हेल्थ केयर मैनेजमेंट मार्केटिंग प्रा. लिमिटेडज एवं 'यूनिक मैनेजमेंट सर्विसेज प्रा. लिमिटेडज के नाम से एक फर्जी प्लेसमेंट कंपनी संचालित की जा रही थी। आरोपियों ने नौकरी और ट्रेनिंग दिलाने के नाम पर षड्यंत्रपूर्वक फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अलग-अलग पीड़ितों से करीब 30 लाख रुपये की ठगी की। न तो किसी को नौकरी दिलाई गई और न ही ली गई धनराशि वापस की गई।

## विविधता की प्रतिभा में नन्हे सितारों ने बिखेरा हुनर, रॉबिंस एकेडमी का वार्षिक समारोह संपन्न हुआ

- मधुबन बैंक्विट हॉल में सांस्कृतिक रंगों से सजा मंच, शिक्षा को बताया सफलता की सबसे बड़ी कुंजी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रॉबिंस एकेडमी, मोरटी, राजनगर एक्सटेंशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 'विविधता की प्रतिभा थीम पर शनिवार को आयोजित वार्षिक समारोह अत्यंत भव्य एवं आकर्षक रूप में संपन्न हुआ। यह रंगारंग कार्यक्रम राजनगर एक्सटेंशन स्थित मधुबन बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया, जहां छात्रों की प्रतिभा, सांस्कृतिक विविधता और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रॉबिंस एकेडमी के चेयरमैन श्री सुभाष अरोड़ा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय द्वारा वार्षिक समारोह







का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया।

उन्होंने बताया कि इस भव्य आयोजन की तैयारी पिछले करीब दो महीनों से निरंतर अभ्यास के साथ की जा रही थी, ताकि मंच पर बच्चों का आत्मविश्वास और प्रस्तुति दोनों ही उत्कृष्ट रूप में सामने आ सकें। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्प्रिंग वैली पब्लिक स्कूल की चेयरमैन श्रीमती विजय कटीयाल, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा के चेयरमैन राजीव गर्ग एवं सेक्रेटरी ज्योत्सना गर्ग ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और मंगलमय बना दिया। रॉबिंस एकेडमी की प्रिंसिपल मीनाक्षी अरोड़ा, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया।

ग्राम मोरटी, गाजियाबाद से कपिल त्यागी, सोनू त्यागी, रोहित त्यागी सहित महामाई जनकल्याण सेवा समिति, गाजियाबाद के अध्यक्ष श्री ललित कुमार दीक्षित भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी अभिभावकों का दिल जीत लिया। पंजाबी भांगड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रीय नृत्य, स्वागत एवं समापन की विशेष प्रस्तुतियों ने मंच को जीवंत कर दिया। बच्चों की ऊर्जा, अनुशासन और कला कौशल को देखकर दर्शक दीर्घा तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठी। इस अवसर पर निर्मन्यु दीक्षित की प्रस्तुति भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन सुभाष अरोड़ा ने सभी मुख्य अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं है। यदि व्यक्ति शिक्षित है, तो वह जीवन में हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। शिक्षा ही वह मूल मंत्र है, जो इंसान को ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। उन्होंने सिकंदर महान का उदाहरण देते हुए कहा कि संसार की सारी दौलत अंत समय में किसी काम नहीं आती, केवल ज्ञान और शिक्षा ही ऐसी पूंजी है, जो बांटने से और बढ़ती है। मुख्य अतिथियों ने भी रॉबिंस एकेडमी द्वारा आयोजित इस भव्य वार्षिक समारोह की सराहना की और बच्चों की अद्भुत प्रस्तुतियों एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन श्री सुभाष अरोड़ा ने ग्राम मोरटी के सभी सहयोगी व्यक्तियों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया और सहर्ष कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। यह समारोह न केवल बच्चों की प्रतिभा का उत्सव बना, बल्कि शिक्षा, संस्कार और सांस्कृतिक विविधता का भी सशक्त संदेश देकर गया।